हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–82 : जौनपुर, बुधवार 23 नवम्बर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## केंद्र द्वारा यूपी को सौगात : पीएम आवास हेतु 10 हजार करोड़ की धनराशि स्वीकृत

लखनऊ ब्यूरो : केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में यूपी को आठ लाख आवास निर्माण के लिए दस हजार करोड़ रुपये की मंजूर किए हैं। पीएम आवास योजना के तहत अब तक यूपी को 26 लाख आवास स्वीकृत हुए हैं। गौरतलब है कि आवास प्लस योजना के तहत पंजीकृत परिवारों को आवास उपलब्ध कराने के लिए यूपी को करीब 13 लाख आवास की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीएम नरेंद्र मोदी व केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह को पत्र लिखकर 13 लाख आवास स्वीकृत करने का आग्रह किया था। इसके बाद चालू वित्तीय वर्ष में पहली बार यूपी को 8,62,767 आवास स्वीकृत किए गए हैं। इसके बावजूद आवास प्लस में पंजीकृत सभी परिवारों को आवास उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश को करीब सवा चार लाख और आवास की आवश्यकता है। ग्राम्य विकास आयुक्त जीएस प्रिदयर्शी ने बताया कि अभी तक योजना में 25 लाख 87 हजार ग्रामीण परिवारों को आवास उपलब्ध कराए हैं। उधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ट्वीट कर पीएम आवास के आभार जताया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के



अनुरोध को स्वीकार कर सभी के लिए अपना घर सुनिश्चित करने के लिए पीएम मोदी और ग्रामीण विकास मंत्री का हृदय से आभार। 2024 तक सभी को मिलेंगे आवास उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि पीएम आवास योजना के तहत सभी पात्र परिवारों को 2024 तक आवास उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र से स्वीकृति मिलने के बाद अब जल्द ही चयनित परिवारों के खाते में आवास की पहली किस्त ट्रांसफर की जाएगी। उन्होंने आवास स्वीकृत करने के लिए पीएम मोदी और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का आभार जताया है।

## कुशीनगर में बगैर पंजीकरण संचालित दो अस्पताल हुए सील : कार्यवाही से निजी अस्पताल संचालकों में मची हड़कंप

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : स्वास्थ्य विभाग की टीम की ओर से निजी अस्पतालों की जांच की गई। इसमें दो अस्पताल बगैर पंजीकरण संचालित होने पर उसे सील कर दिया गया। इस कार्रवाई से संचालकों में हड़कंप मच गया। सदर कोतवाली क्षेत्र के खिरकिया में संचालित एक निजी अस्पताल को सीएमओ के निर्देश पर डिप्टी सीएमओ ने सील कर दिया। वहीं कप्तानगंज में सीएमओ ने एक अस्पताल को सील कर दिया। कप्तानगंज स्थित कस्बे के एवन अस्पताल में मंगलवार की शाम सीएमओ डॉ.सुरेश पटारिया ने स्वास्थ्य कर्मियों के साथ औचक निरीक्षण किया। इसमें अस्पताल की ओर से कोई कागजात नहीं दिखाने और मौके पर डॉक्टर न मिलने पर अस्पताल को सील कर दिया गया है। इस बीच चार मरीजों का उपचार चल रहा था। उन्हें कस्बा के सीएचसी भेज दिया गया। सीएमओ डॉ. सुरेश पटारिया ने बताया कि जनपद में अवैध तरीके से चल रहे अस्पतालों की जांच चल रही है। इसी क्रम में कप्तानगंज स्थित एवन अस्पताल का औचक निरीक्षण किया गया। अस्पताल बगैर रजिस्ट्रेशन के चल रहा था। इसके पास संबंधित कागजात नहीं थे। निरीक्षण के दौरान कोई चिकित्सक मौके पर मौजूद नहीं थे। चार मरीज मिले, जिनका ऑपरेशन किया गया था। अवैध तरीके से अस्पताल



चलने के कारण सील कर दिया गया हैं। संबंधित के खिलाफ मुकदमा भी पंजीकृत किया जाएगा। इसी क्रम में पडरौना कोतवाली थाना क्षेत्र के खिरकिया में संचालित न्यू हिम्स मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल पर डिप्टी सीएमओ आरके गुप्ता के साथ कुबेरस्थान सीएचसी के डॉक्टर रजनीश श्रीवास्तव की टीम जांच करने पहुंची। अस्पताल पर मौजूद कर्मचारियों से अस्पताल से संबंधित कागजात मांगे तो संचालक कोई कागज नहीं दिखा सके। इसके बाद टीम ने अस्पताल को खाली कराकर उसे सील कर दिया। डिप्टी सीएमओ डॉ. आरके गुप्ता ने बताया कि सीएमओ के निर्देश पर इस अस्पताल की जांच की गई है। जांच में अस्पताल का रजिस्ट्रेशन नहीं मिला है। अस्पताल को सील करके इसकी रिपोर्ट सीएमओ को दी जाएगी।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## बुद्ध से कबीर तक की यात्रा का हुआ शुभारंभ


गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : बुद्ध एवं कबीर के विचारों को जन–जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष संचालित होने वाली बुद्ध से कबीर तक की यात्रा का शुभारंभ प्रति वर्षो की भाति इस वर्ष भी बुद्धा



इंस्टिट्यूट आफ टेक्नोलॉजी गीडा गोरखपुर से हुआ। यात्रा के आयोजक गुजरात के पूर्व डीजीपी विनोद कुमार मल्ल व गुजरात के पूर्व अपर मुख्य सचिव श्रीमती अनुराधा मल्ल के नेतृत्व में यात्रा का शुभारंभ हुआ। यात्रा के दौरान संबोधित करते हुए विनोद कुमार मल्ल जी ने कहा की यात्रा का उद्देश्य पूर्वांचल की इस पावन तपोभूमि जहां पर महात्मा बुद्ध और संत कबीर दास जी जैसे महान विचारकों का स्थान रहा है। उनके विचारों को जन–जन तक पहुंचाने के उद्देश्य व कार्यों की खुशबू पूरे देश ही बल्कि पूरे विश्व में इस यात्रा के माध्यम से फैले, यही हम सब का प्रयास है। कबीर जी एक महान विचारक थे, जो सत्य कहने की हिम्मत रखते थे। जहां उन्होंने हिंदू कुरीतियों और मुस्लिम आडंबर पर सदैव घोर प्रहार किया और वही बुद्ध जी ने विश्व को सदैव शांति का मार्ग दिखाया। इस यात्रा का मुख्य आकर्षण आदित्य,आदर्श ग्रुप की बैंड प्रस्तुति रही जिसने संगीत की धुनों द्वारा कबीर के विचारों को मनभावन तरीके से प्रस्तुत किया। बुद्धा ग्रुप के निदेशक प्रशासन दीपक अग्रवाल द्वारा यात्रा का स्वागत किया और अंत में आभार व्यक्त किया। इस यात्रा में शैलेंद्र कबीर, डॉ अरविंद पांडे, डॉ आशीष सिंह, दीपक पांडे सहित अनेक लोग यात्रा मे उपस्थित थे।

## अ–मोक्ष : एक प्रस्तुति विमोचन का कार्यक्रम सहकारिता भवन प्रेक्षागृह लखनऊ में संपन्न

लखनऊ (दै. देश की उपासना प्रतिनिधि) : आज दिनांक 23 नवम्बर 2022 को सहकारिता भवन के प्रेक्षागृह में आयोजित उत्तर प्रदेश सचिवालय पेंशनर्स वेलफेयर एसोशिएशन के वार्षिक समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित,उत्तर प्रदेश शासन के पूर्व मुख्य सचिव श्री अतुल कुमार गुप्ता के करकमलों द्वारा एसोसिएशन की वार्षिक पत्रिका ''पेंशनर्स–परिकल्प 2022'' एवं पत्रिका के सम्पादक श्री शिवशंकर द्विवेदी द्वारा लिखित पुस्तक '' अ–मोक्ष : एक प्रस्तुति'' का विमोचन किया गया। इस अवसर पर श्री अतुल कुमार गुप्ता जी ने विमोचित हुयी दोनों कृतियों के विषय–वस्तु को समाज के लिए उपयोगी बताते हुए कहा कि अच्छी कृतियों को पढ़ने से व्यक्ति में जीवन के प्रति सकारात्मक सोच विकसित होती है और इस प्रकार की सोच के लोगों से समाज को सकारात्मक ऊर्जा मिलती है और समाज सहनशीलता के पथ पर अग्रसर होने लगता है। समारोह में उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए एसोसिएशन के संरक्षक श्री श्याम सुन्दर अग्निहोत्री जी ने आशा व्यक्त की है कि दोनों कृतियां अपने उद्देश्य में सफल होगीं। पत्रिका के सम्पादक एवं अ–मोक्ष : एक प्रस्तुति के लेखक श्री शिवशंकर द्विवेदी ने दोनों कृतियों की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इनके अध्ययन से जीवन के प्रति नयी दृष्टि विकसित होगी,जो लोगों के आचरण में अन्धविश्वास और आडम्बर को पनपने ही नहीं देगी। इस अवसर पर एसोसिएशन की ओर से 80 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके, सचिवालय सेवा के पेंशनर्स को ''अङ्गवस्त्रम्''से सम्मानित किया गया तो वरिष्ठ पेंशनर श्री चन्द्र किशोर उप सचिव, (से.नि.) को पेंशनर्स शिरोमणि, श्री पी. के.शर्मा ,अध्यक्ष ,उ.प्र.सचिवालय पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन को पेंशनर्स मार्तण्ड,श्री एन.त्रिपाठी, सचिव,उ.प्र.सचिवालय पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन को पेंशनर्स गौरव, श्री आनन्द प्रकाश, उपाध्यक्ष,उ.प्र.सचिवालय पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन




को पेंशनर्स प्रभाकर तथा श्रीमती शशि सक्सेना, कोषाध्यक्ष,उ.प्र.सचिवालय पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन को पेंशनर्स प्रभा सम्मान से सम्मानित किया गया।इनके सम्मान में एक स्मृति चिन्ह और अङ्गवस्त्रम् दिया गया है। उल्लेखनीय है कि, ''पेंशनर्स शिरोमणि'' वरिष्ठ पेंशनर को दिया जाता है तथा शेष सम्मान उ.प्र.सचिवालय पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के कार्यसंचालन में अप्रतिम योगदान के लिए दिये जाते हैं, जिनका चयन उत्तर प्रदेश सचिवालय पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की कार्यकारिणी द्वारा किया जाता है। ''पेंशनर्स शिरोमणि'' सम्मान स्व. श्री शिवनाथ द्विवेदी,साहित्याचार्य और ''पेंशनर्स गौरव'' सम्मान स्व. श्रीमती राजकिशोरी द्विवेदी की स्मृति में पेंशनर्स परिकल्प के सम्पादक श्री शिवशंकर द्विवेदी के सौजन्य से तो ''पेंशनर्स प्रभाकर'' स्व.सरजू प्रसाद श्रीवास्तव तथा ''पेंशनर्स प्रभा',स्व.श्रीमती लीलावती श्रीवास्तव की स्मृति में सदस्य कार्यकारिणी श्री वीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव के सौजन्य से दिये जाते हैं जबकि शेष सम्मान उत्तर प्रदेश सचिवालय पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के सौजन्य से दिये जाते हैं। समारोह में उपस्थित लोगों का धन्यवाद एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री पी.के.शर्मा द्वारा किया गया, तथा श्री एन.पी त्रिपाठी सचिव नें उक्त समारोह सभा का सकुशल संचालन किया गया। सभा के अन्त में श्री शिवशंकर द्विवेदी लेखक एवं संपादक नें कार्यक्रम में उपास्थित सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## वॉल्वो बस में पकड़ी गई अवैध शराब : पुर्वांचल एक्सप्रेस वे पर आगे लोकेशन दे रही थी कार

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : यूपी एसटीएफ और जिले के कूरेभार पुलिस ने पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे पर टव्स्ट८ बस रोककर तलाशी ली। इसमें 78 पेटी अवैध शराब बरामद हुई है। वाहन चालक समेत आधा दर्जन लोगो को पकड़कर पुलिस टीम थाने लेकर आई। पकड़ी गई शराब बिहार ले जाई जा रही थी। दिल्ली से बिहार की ओर जा रही वोल्वो बस पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे से निकल रही थी, जिस पर यात्री सवार थे। एक्सप्रेस–वे मुजेश टोल प्लाजा के पास प्रयागराज की एसटीएफ और स्थानीय थाने की टीम ने रुकवाया। बस की तलाशी ली गई तो उसमें अवैध रूप से आरएस, मेकडोवल, रॉयल ग्रीन की पेटियों कुल 78 पेटियां बरामद हुई। प्रयागराज एसटीएफ के उप निरीक्षक ने बताया कि वॉल्वो बस के आगे–आगे एक सफेद रंग की गाड़ी लोकेशन दे रही थी। उसे भी घेर कर पकड़ा गया है। कार्रवाई में कुल छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है।



तस्करों की पहचान बिहार के तितौरा मधुबनी निवासी अभिषेक कुमार पांडे, घोंपा मधुबनी निवासी संतोष चौधरी, जलालपुर मधुबनी निवासी प्रिंस कुमार, महतो मधुबनी निवासी अर्जुन के साथ नोएडा के कांशीराम आवास कॉलोनी बस चालक मोहम्मद असद और खलासी गणेश प्रजापति निवासी बिहार मायाराम के रूप में हुई है।

## डीएम गोरखपुर की बड़ी कार्यवाही : चार एसडीएम सहित 14 अधिकारियों का वेतन रोका

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : डेंगू पर नियंत्रण के लिए नगर निगम, नगर पंचायतों एवं ब्लाक स्तर पर किए जा रहे प्रयासों की जमीनी हकीकत जांचने वाले कई अधिकारी अब रिपोर्ट देने में शिथिलता बरत रहे हैं। 10 नवंबर की शाम तक रिपोर्ट जिलाधिकारी को देनी थी लेकिन 14 अधिकारियों की रिपोर्ट अब तक नहीं मिल सकी है। इस लापरवाही पर सख्ती बरतते हुए जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने इन अधिकारियों का नवंबर महीने का वेतन अगले आदेश तक रोकने का निर्देश दिया है। सभी को कारण बताओ नोटिस भी जारी की गई है। इसमें बांसगांव, गोला व चौरी चौरा तहसीलों के एसडीएम जबकि सदर तहसील के एएसडीएम शामिल भी शामिल हैं। अधिकारियों पर हुई इस सख्ती के बाद प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कंप मचा है। जांच आख्या उपलब्ध न कराने पर की गई कार्रवाई जिलाधिकारी ने जिले में डेंगू पर नियंत्रण के लिए संबंधित विभागों द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जमीनी हकीकत जांचने के लिए औचक निरीक्षण कराया था। इसमें एसडीएम, तहसीलदार एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों को सुबह आठ बजे से विभिन्न क्षेत्रों में जांच के लिए भेजा गया था। ग्रामीण क्षेत्र में यह जिम्मा खंड विकास अधिकारियों को दिया गया था। जिलाधिकारी का स्पष्ट निर्देश था कि 10 नवंबर की शाम तक सभी अधिकारी रिपोर्ट जरूर दे दें। लेकिन कार्रवाई की जद में आए अधिकारियों ने अब तक रिपोर्ट नहीं दिया। जिलाधिकारी ने इसे शासकीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही माना है। इनका रोका गया वेतन एसडीएम बांसगाव, एसडीएम गोला, एसडीएम चौराचौरा, अपर उप जिलाधिकारी (एएसडीएम) सदर, उप निदेशक कृषि, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, सहायक निदेशक हथकरघा, क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी, क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, प्रधानाचार्य राजकीय आइटीआइ, खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) भरोहिया, खोराबार, सहजनवा, कौडीराम, गोला, जंगल कौड़िया, उरुवा, बडहलगंज, पिपरौली, चकबंदी अधिकारी दीवान बाजार, चकबंदी अधिकारी रूस्तमपुर, पीडब्ल्यूडी के अवर अभियंता गौतम लाल व धर्मेंद्र कुमार। डेंगू के नियंत्रण के लिए किए जा रहे कार्यों की जांच के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई थी लेकिन 14 अधिकारियों ने जांच के बाद रिपोर्ट नहीं दी है। यह लापरवाह कार्यशैली है। सभी का नवंबर महीने का वेतन रोकने का आदेश दिया गया है और स्पष्टीकरण मांगा गया है। कृष्णा करुणेश, जिलाधिकारी।

## जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला संकट समूह की प्रथम बैठक विकास भवन सभागार में हुई संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला संकट स्थित समूह की प्रथम बैठक विकास भवन सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जनपद में रासायनिक दुर्घटनाओं से निपटने एवं सामूहिक प्रयास के सम्बंध में विस्तार से चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि औद्योगिक संस्थानों में प्लांट सेफ्टी, गैस लीक डिटेक्टर, आग से निबटने के सभी उपाय सुनिश्चित करें।जनार्दन इंडेन ग्रामीण वितरण गैस एजेंसी के द्वारा पीपीटी के माध्यम से संस्थान में की गई व्यवस्था के सम्बंध में विस्तार से अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने सहायक निदेशक कारखाना वाराणसी सुश्री अर्चना को निर्देश दिया कि जनपद के कारखानों की मॉक ड्रिल दिसंबर के प्रथम सप्ताह तक करा ली जाएं। उन्होंने कहा कि खतरनाक कारखानों की एक वर्कशॉप कराएं और उन्हें बताया जाए कि आपात की स्थिति में क्या उपाय किए जाने चाहिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, उपायुक्त मनरेगा भूपेंद्र सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आरडी यादव, एचआईएल लिमिटेड से अजय चौहान, वरुण विवरेज लिमिटेड से शिव कुमार, जनार्दन इंडेन ग्रामीण वितरक से संतोष एवं श्याम बिहारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 28 से 30 नवम्बर 2022 तक दीवानी न्यायालय परिसर जौनपुर में लिया जायेगा साक्षात्कार

जौनपुर सू.वि. : सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जौनपुर विवेक विक्रम ने अवगत कराया है कि उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के अनुक्रम में जनपद न्यायालय जौनपुर में स्थापित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में विधिक सहायता प्रदान करने हेतु पराविधिक स्वयं सेवक (पी0एल0वी0) के रूप में कार्य करने हेतु सेवारत एवं सेवा निवृत्त अध्यापकों, सेवानिवृत्त सरकारी सेवकों, वरिष्ठ नागरिकों, चिकित्सकों, एम0एस0डब्लू छात्रों, विधि छात्रों (जब तक वह अधिवक्ता के रूप में पंजीकृत नहीं हो जाते है), आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, स्वयं सेवी संस्थाओं इत्यादि जो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण या तहसील विधिक सेवा समिति में पी0एल0वी0 के रूप में कार्य करने के इच्छुक आवेदकों से पूर्ण विवरण सहित 15 अक्टूबर 2022 की सांय 05:00 बजे तक व्यक्तिगत अथवा पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से जमा किये जाने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। जिसके संबंध में माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर की अध्यक्षता में नियुक्ति प्रक्रिया संपादित किये जाने हेतु गठित समिति 28, 29 नवम्बर 2022, व 30 नवम्बर 2022 को समय 03:00 बजे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (ए0डी0आर0 केन्द्र) दीवानी न्यायालय परिसर, जौनपुर में साक्षात्कार लिया जायेगा। समस्त आवेदकों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों सहित साक्षात्कार हेतु ससमय उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

## दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति वेरिफाई करने हेतु प्रस्तावित संशोधित समय–सारिणी निर्गत

जौनपुर सू.वि. : जिला समाज कल्याण अधिकारी ने अवगत कराया है कि विशेष सचिव उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा यह निर्देश दिया गया है कि जनपद में संचालित समस्त शिक्षण संस्थाओं को कराया जाता है कि (कक्षा 11–12 एवं अन्य दशमोत्तर कक्षाओं सहित) दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत सम्बन्धित पाठ्यक्रमो का मास्टर डाटाबेस एफिलियेटिंग एजेंसी द्वारा वेरिफाई करने हेतु प्रस्तावित संशोधित समय–सारिणी निर्गत की गयी है, जिसमें 30 नवम्बर 2022 तक सम्बन्धित विश्वविद्यालय एवं अन्य एफिलियेटिंग एजेंसी के नोडल अधिकारी द्वारा शिक्षण संस्था, पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम का प्रकार एवं अंकित फीस आदि की प्रमाणिकता को संबंधित शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष द्वारा आनॅलाइन सत्यापित करना है। उन्होंने समस्त शिक्षण संस्थाओं/विश्वविद्यालय एवं अन्य एफिलियेटिंग एजेन्सी के नोडल अधिकारियों को अवगत कराया है कि समय–सारिणी के अनुसार अपनी–अपनी संस्थाओं को सूचित करते हुए कड़ाई से अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

हमारे संकल्प वही हों जिनसे अपना और दूसरों का कल्याण हों।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# समाज को लगातार झकझोर रहा श्रद्धा हत्याकांड

दिल्ली का श्रद्धा हत्याकांड समाज को लगातार झकझोरे जा रहा है। हत्या का आरोप उसके लिव इन पार्टनर आफताब पर है। वैवाहिक हों या सहमति संबंध, हिंसात्मक व्यवहार और अंत को रुग्ण दृष्टिकोण से नहीं समझा जा सकता। समस्या दरअसल यह है कि समाज के साथ पुरुष मानसिकता नहीं बदल रही।

दिल्ली का श्रद्धा हत्याकांड समाज को लगातार झकझोरे जा रहा है। हत्या का आरोप उसके लिव इन पार्टनर आफताब पर है। कुछ चर्चित हत्याओं की तरह श्रद्धा का अंत भी पाशविकता की पराकाष्ठा के लिए याद किया जाता रहेगा। श्रद्धा के शव के कई टुकड़े किए गए। हत्यारा रोज रात उन्हें फेंकने के लिए जंगल जाता था। इस घटना के कुछ दिन बाद दिल्ली के दूसरे इलाके में सहमति संबंधों का दुखद अंत सामने आया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के हवाले से पुलिस ने बताया कि गुलशन की हत्या गला दबाकर की गई।

कथित हत्यारा उसका पार्टनर राहुल है। पीड़िता गुलशन की पूर्व पति से पैदा हुई साल भर की एक बेटी है और वह राहुल के साथ सहमति संबंधों में थी। पुलिस के मुताबिक, राहुल गुलशन पर किसी और से भी रिश्ते रखने का शक करता था। गुलशन की मौत बहुत कम चर्चित हुई। श्रद्धा की तरह दो और महिलाओं की क्रूर हत्या दिल्ली में हो चुकी है। 1995 में सुशील शर्मा नामक व्यक्ति पर आरोप लगा कि उसने अपनी पत्नी नैना साहनी की गोली मारकर हत्या की, शव के टुकड़े किए, उन्हें कार में रखा और घर से दूर एक होटल के तंदूर में जलाने के लिए ले गया।

जले–अधजले टुकड़े घटनास्थल से बरामद किए गए थे। सुशील शर्मा को लंबे समय तक जेल में रहना पड़ा। तंदूर कांड के नाम से यह केस छाया रहा। 2011 में सुमित हांडा पर अपनी दक्षिण अफ्रीकी मूल की पत्नी निरंजनी पिल्लै की हत्या के बाद लाश के टुकड़े कर फेंकने का आरोप लगा। पुलिस का कहना है कि श्रद्धा और निरंजनी की हत्याओं के पैटर्न में कई साम्य हैं। यह केस अदालत में है।

श्रद्धा की हत्या पर तल्ख और तीखी प्रतिक्रियाएं हो रही हैं। एक पूर्व आईपीएस अधिकारी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को छह पन्नों की चिट्ठी लिखकर 'लव जेहाद' पर रोक की मांग की है। उनका सुझाव है कि उत्तर प्रदेश अवैध धर्मपरिवर्तन निषेध अधिनियम, 2021 में संशोधन किया जाना चाहिए। वह विवाह, विवाह के वादे, दैहिक संबंधों और लिव–इन, सब पर प्रतिबंध चाहते हैं। मुंबई से एक रिपोर्ट के अनुसार, पहले इंस्टाग्राम पर श्रद्धा के 120 फालोअर थे। अब यह संख्या 5,117 हो गई है।

अधिकतर पोस्टों में श्रद्धा पर नफरत के तीर चलाए जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि श्रद्धा को घरवालों की मर्जी के खिलाफ आफताब के साथ नहीं जाना चाहिए था। कुछ पोस्टों में टिप्पणी की गई कि श्रद्धा अत्याधुनिक हो गई थी, उसने सहमति संबंध जैसी पश्चिमी बुराई को अपना लिया था। ज्यादातर की राय यह है कि हिंदू होते हुए भी श्रद्धा एक मुसलमान के साथघ्रही, उसकी बुरी मौत होनी ही थी। रिपोर्ट में बताया गया कि मृतक के विरुद्ध कुछ पोस्ट इतनी घृणापूर्ण हैं कि शिष्टाचार के नाते उन्हें नहीं छापा जा रहा।

सार्वजनिक रूप से सवाल उठाया जा रहा है कि हिंदू लड़कियां ही क्यों मुसलमानों के जाल में फंस जाती हैं। प्रतिप्रश्न यह निकलता है कि श्रद्धा क्या आफताब की साजिश का शिकार हुई? आफताब के साथ रहने के पीछे भावनात्मक लगाव नहीं था? श्रद्धा की जगह कोई मुसलमान लड़की होती तो उसकी प्रेम कहानी का त्रासद अंत न होता? वैवाहिक हों या सहमति संबंध, हिंसात्मक व्यवहार और अंत को रुग्ण दृष्टिकोण से नहीं समझा जा सकता। समस्या दरअसल यह है कि समाज के साथ पुरुष मानसिकता नहीं बदल रही।

पुरुष महिला से परंपरागत प्रतिबद्धताएं आज भी चाहता है, जबकि वह खुद इनसे दूर रहने की आजादी की ललक छोड़ नहीं पाता। अहं का टकराव अनिवार्य हो जाता है। फिल्मों के माध्यम से समझिए। 60–70 साल पहले पत्नी या प्रेमिका कहती थी, मैंने भी सोच लिया साथ निभाने के लिए... तुमको मनाने के लिए, तुम अगर भूल भी जाओ तो ये हक है तुमको, मेरी बात और है मैंने मोहब्बत की है, तुम्हीं मेरे मंदिर तुम्हीं मेरी पूजा, तुम्हीं देवता हो, तुम्हीं देवता हो। लव आज कल में दीपिका पादुकोण के तलाक से इसकी तुलना करिए।

'चरणदासी और श्री चरणशु' का युग समाप्त हो चुका। वह युग हो भी क्यों? बराबर पैसा कमाने और जिम्मेदारियों का भार वहन करने वाली महिला से एकतरफा प्रतिबद्धता की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। पत्नी या लिव–इन में रहने वाली महिला से स्थायी आज्ञापालन या सहनशीलता की अपेक्षा करने से पहले सोचना चाहिए कि क्या घरेलू सहायिका के साथ इस तरह का आचरण संभव है। एफएमसीजी और डिस्पोजेबल के दौर में सामाजिक मूल्यों, मान्यताओं, स्त्री–पुरुष संबंधों की शर्तों और कुल मिलाकर मानवीय व्यवहार में परिवर्तन स्वभाविक है।

कानून बनाकर धर्म परिवर्तन पर एक हद तक रोक लगाई जा सकती है। लेकिन 'लव जेहाद' को नहीं रोका जा सकता। बढ़ते शहरीकरण से समाज के बदलने की प्रक्रिया अरसे से चल रही है। विभिन्न प्रकार के सोशल मीडिया से हो रही जानकारियों का विस्फोट सभी वर्जनाओं को तोड़ रहा है। गांव और छोटे कस्बे–शहर युवाओं की महत्वाकांक्षाओं के अनुरूप नहीं हैं। नौकरी के बेहतर मौके बड़े शहरों में ही हैं। यह असंभव है कि एक साथ पढ़ने या नौकरी करने वाले युवा अप्रतिरोध्य यौन आकर्षण से बचकर धर्म और जाति के बंधनों से बंधे रहें।

हिंदुओं की तुलना में मुसलमान लड़कियां अंतरधार्मिक विवाह या सहमति संबंध कम क्यों बनाती हैं? एक बड़ा कारण यह हो सकता है कि ऐतिहासिक कारणों से मुसलमानों में सामाजिक गतिशीलता, शिक्षा का प्रसार और संगठित क्षेत्र में नौकरियां हिंदुओं के मुकाबले कम हैं। एक बात यह भी है कि मुसलमानों में विवाह, परित्यक्ता और विधवा के विवाह की समस्या गंभीर नहीं है। मुसलमानों में दहेज की सामाजिक बुराई आने लगी है, पर दहेज न दे पाने की वजह से लड़कियों के बिनब्याहे पड़े रहने के केस कम मिलते हैं।

भारत में जनसांख्यकीय स्वरूप सामाजिक ताने–बाने को तय कर रहा है। विविधताओं के मामले में भारत की तुलना सिर्फ अमेरिका से की जा सकती है। अमेरिका को 'मेल्टिंग पाट' कहा जाता है। श्वेत नस्लवाद इसे ठंडा नहीं कर पाया। विविधतापूर्ण समाज में शिक्षा का प्रसार, आर्थिक एकीकरण और रोजगार के अवसर बढ़ने से गतिशीलता का विस्तार मन भी बदलता है और चिंतन भी। उसी के अनुरूप परंपरागत वर्जनाएं भी टूटती हैं। हवा के रुख की तरह इसे बदला नहीं जा सकता। संपूर्ण समाज में व्याप्त हिंसा से निजी रिश्ते अछूते नहीं रह सकते।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता संपन्नः अनिल कुमार झा

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : राम लीला मैदान उधरनपुर में ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता खण्ड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार झा के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। जिसका परिणाम निम्नवत रहा। आल ओवर विजेता ट्राफी सकरौली न्याय पंचायत को प्राप्त हुई ,दूसरा स्थान हर्रई न्याय पंचायत एवम तीसरा स्थान उधरनपुर को प्राप्त हुआ। 400मीटर दौड़ पुष्पांजलि सकरौली प्रथम ,प्रत्तेश बासितनगर द्वितीय,400 मीटर दौड़ बालक वर्ग में रीतेश बासित नगर प्रथम ,100मीटर दौड़ अंशिका उधरनपुर प्रथम ,गोला फेंक कछेलिया प्रथम ,खो –खो बालिका जूनियर सकरौली प्रथम ,कबड्डी प्राथमिक बालक हर्रई प्रथम ,बालिका सकरौली दूसरे स्थान पर रही। कबड्डी बालक सकरौली प्रथम ,कबड्डी बालिका सकरौली दूसरे स्थान पर रही। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार झा ,ब्लॉक



अध्यक्ष शाहाबाद एवम जनपदीय महामन्त्री सन्तोष अग्निहोत्री ,संयुक्त मन्त्री प्रेम कुमार ,कोषाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार , उपाध्यक्ष मो. हाशिम, उपाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह,अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ अनुराग अवस्थी ,मन्त्री विजय कुमार राजपूत,सुनील कुमार ,मोहित तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनय यादव ,अशोक सिंह, सुनील कुमार, गुलशन, सोमवीर, अर्जुन ,अनुदेशक राशिद अंसारी ,वीरेन्द्र कुमार, सुरेन्द्र कुमार सहित ब्लॉक के सभी अनुदेशको ने कड़ी मेहनत और लगन से कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम का सफल एवम कुशल संचालन मो .तैयब ने किया।

## क्रीडा प्रतियोगिता का न्याय पंचायत पर हुआ आयोजन – प्रभाष कुमार श्रीवास्तव

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : संविलियन विद्यालय गोसवा में क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम विकासखंड मल्लावां के खंड शिक्षा अधिकारी प्रभाष कुमार श्रीवास्तव ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को हरी झंडी दी , तदोपरांत प्राथमिक विद्यालय तेंदुआ के छात्र–छात्राओं द्वारा मां सरस्वती की प्रार्थना व स्वागत गीत का गायन किया गया । न्याय पंचायत पर आये खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रभास कुँवर श्रीवास्तव, राज्य पुरुस्कार प्राप्त शिक्षक गजेंद्र प्रताप सिंह , सुबोधा कुमार वर्मा आशुतोष कुमार, चंद्र क्रांति देवी को कैप व बैच अलंकृत कर स्वागत किया न्याय पंचायत पुरबावा के अंतर्गत समस्त विद्यालयों ने प्रतिभाग किया जिसमें दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद ,श्रुतलेख, कबड्डी, खो–खो, गोला फेक जैसे प्रमुख खेल बच्चों ने बहुत ही उर्जित होकर खेल में प्रतिभाग किया ।



न्याय पंचायत पर प्रथम व द्वितीय विजेता को पुरस्कार वितरित किया गया, विकास खण्ड की क्रीड़ा प्रतियोगिता दिनाँक 23/11/2022 को आयोजन जूनियर मैदान मल्लावां में आयोजित होगा इस अवसर पर शिवेंद्र, सुनील , राजा रंकेश ,मकरंद , महेंद्र प्रताप सिंह, बीनम , अलीम ,अंकिता, अंकित जैसे न्याय पंचायत के समस्त शिक्षक शिक्षिकाये उपस्थित रहे।

## रेलवे बोर्ड नई दिल्ली से विधिक सलाहकार सुनीता आनंद का लखनऊ हुआ आगमन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। रेलवे द्वारा अपने विधिक एवं कानून संबंधी कार्यों में अपनाई जाने वाली प्रक्रियाएं ,उनके उचित क्रियान्वयन एवं विधिक मामलों के शीघ्र निस्तारण करने, साथ ही इन कार्यवाहियों के दौरान उत्पन्न होने वाली जटिलताओं को दूर करके एक सुगम एवं पारदर्शी प्रक्रिया को अपनाकर विधिक प्रकरणों का निर्धारित समय पर निराकरण करते हुए न्यायिक मामलों के उचित निपटान जैसे अनेक बिन्दुओं को दृष्टिगत रखते हुए रेलवे बोर्ड,नई दिल्ली से विधिक सलाहकार सुनीता आनंद का उप निदेशक (विधि ),रेलवे बोर्ड ,नई दिल्ली लासंग योल्मो एवं उप–महाप्रबंधक (विधि), उत्तर रेलवे, नई दिल्ली, विपुल गोयल के साथ उत्तर रेलवे ,लखनऊ मंडल में आगमन हुआ। अपने आज के इस कार्यक्रम के दौरान सुनीता आनंद ने लखनऊ स्थित उत्तर रेलवे के मंडलीय कार्यालय में पहुंचकर मंडल रेल प्रबंधक सुरेश कुमार सपरा से भेंट की। तदोपरांत कार्यालय के सभागार में आयोजित विधिक मामलों की मीटिंग में सम्मिलित होकर मंडल द्वारा अपनाई जाने वाली कानूनी एवं न्यायिक प्रकरणों संबंधी प्रक्रियाओं से अवगत होते हुए मामलों के निस्तारण के सम्बन्ध में उठाये जाने वाले कदमों पर अपर मंडल रेल प्रबंधक जयंत कुमार चौधरी, मंडल के समस्त विभागाध्यक्षों



तथा मंडल के विधिक अधिकारियों के साथ विस्तारपूर्वक विचार–विमर्श किया तथा सुगम एवं पारदर्शी नीतियों को अपनाकर विधिक संबंधी समस्त प्रकरणों को यथासमय संपन्न करने की बात को प्रमुखता से कहा तथा इस सम्बन्ध में अपने आवश्यक सुझाव एवं निर्देश भी पारित किये। उन्होंने मंडल के विधिक संबंधी मामलों की वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए सम्पूर्ण कार्य की समीक्षा की एवं प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण पर बल दिया। उन्होंने कानूनी प्रक्रियाओं के दौरान उत्पन्न होने वाली समस्याओं ,लंबित केसों,अधिवक्ताओं की आवश्यकता एवं नियुक्ति ,रेलवे के पक्ष एवं विपक्ष में न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय ,प्रकरणों की संख्या में बढ़ोत्तरी एवं कमी का आंकलन ,न्यायालय शुल्क एवं विधिक क्रियाओं में व्यय होने वाली धनराशि का विवरण जैसे अनेक बिन्दुओं को उजागर करते हुए इन पर गहनतापूर्वक मंत्रणा की तथा सुगम एवं पारदर्शी कार्यप्रणाली का निर्धारण करते हुए कार्य करने की सलाह दी।

## टोडरपुर में अव्यवस्थाओं के बीच हुई ब्लॉक स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : ब्लॉक टोडरपुर में बीईओ श्रीमती शालिनी गुप्ता की मनमानी के चलते अव्यवस्थाओं के बीच सैदपुर स्टेडियम में खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न हुई ।स्टेडियम में न तो साफ सफाई कराई गई और न ही पड़ा हुआ गोबर हटाया गया जिसके चलते बच्चों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा यहाँ तक कि बच्चों के पीने लिए पानी की भी व्यवस्था नहीं की गई ।सबसे बड़ी बात स्वयं बीईओ स्टेडियम में अनुपस्थित रहीं ।हर बार ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता से पूर्व खेल समिति की बैठक आयोजित की जाती है लेकिन इस बार बीईओ ने कोई भी बैठक आयोजित नहीं की ।और तो और किसी भी शिक्षक संगठन तथा जनप्रतिनिधि को आमंत्रित नहीं किया गया जबकि शासन लगातार जनप्रतिनिधियों के माध्यम से कार्यक्रम कराने हेतु दिशानिर्देश जारी करता है ।जनप्रतिनिधि एवं शिक्षक संगठनों की उपेक्षा समझ से परे है ।सभी ब्लाकों में जनप्रतिनिधि एवं शिक्षक संगठनों के सहयोग से खेलकूद प्रतियोगिता कराई गई लेकिन



टोडरपुर की बीईओ की मनमानी के चलते स्टेडियम में कोई भी संगठन या सम्मानित जनप्रतिनिधि नहीं दिखाई दिया ।अब देखने वाली बात यह है कि सक्षम अधिकारी इन अव्यवस्थाओं के लिए किसे जिम्मेदार ठहराते हैं और क्या कदम उठाते हैं ।छोटे छोटे नौनिहाल बच्चों की भावनाओं के साथ इस प्रकार का खिलवाड़ उचित नहीं लग रहा।

## महापौर संयुक्ता भाटिया ने किया सुरजीत सिंह पार्क का भव्य उद्घाटन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। अवध कॉलेजिएट के हिंद नगर वार्ड के अंतर्गत बल्दी खेड़ा में श्रीमती संयुक्ता भाटिया महापौर के तत्वावधान में श्री सुरजीत सिंह पार्क का भव्य उद्घाटन महापौर संयुक्ता भाटिया के कर कमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र व गणेश वंदना से हुआ । उसके पश्चात बच्चों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इस अवसर पर क्षेत्र के सभासद सौरभ सिंह (पूर्व पार्षद) , क्षेत्र के नामित पार्षद सरबजीत सिंह, केंद्रीय सिंह सभा के अध्यक्ष निर्मल सिंह, विद्यालय प्रबंधक सर्वजीत सिंह ,निदेशिका जतिंदर वालिया एवं संयुक्त निदेशिका ब्रह्मजोत कौर मौजूद रहे। महापौर संयुक्ता भाटिया ने महात्मा बुद्ध की प्रतिमा का अनावरण कर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात पौधारोपण करके समाज को यह संदेश दिया कि हमें अपने आसपास व वातावरण को साफ रखना चाहिए और हम सबको यह संकल्प करना है कि लखनऊ शहर को स्वच्छता की श्रेणी में प्रथम लाकर रहना है। महापौर ने सभी



क्षेत्रवासियों एवं विद्यालय प्रबंधक सर्वजीत सिंह को इस अवसर पर बधाई दी । प्रबंधक एवम निर्देशिका ने महापौर से कोटि–कोटि धन्यवाद किया व प्रबंधक जी ने बताया कि उनके पिता उनकी इस पूरे सफर के प्रेरक रहे हैं उन्हीं की सिखाई हुई सीख से ही वह यहां तक पहुंचे हैं आज उनके नाम से इस पार्क को पहचान मिली है। इससे उनके लिए बहुत गर्व की बात है इसके लिए सभी इस बधाई के पात्र हैं और अंत में उन्होंने पूर्व सभासद मोनू एवं उपस्थित आगंतुको का धन्यवाद किया और सभी के लिए यह यादगार दिन रहा।

## शेफ–एचसीएलएफ उदय ने बेसिक शिक्षा विभाग के सहयोग से 16 सरकारी स्कूलों में इंटर हाउस स्कूल कार्यक्रम का आयोजन संपन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। स्टडी हॉल एजुकेशनल फाउंडेशन ने एच.सी.एल.एफ और बेसिक शिक्षा विभाग के सहयोग से लखनऊ के नौबस्ता उच्च प्राथमिक विद्यालय में थीम आधारित इंटर–हाउस स्कूल कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का थीम – स्टॉप वायलेंस अगेंस्ट वूमेन था। इस कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित रहे और उन्होंने स्कूल के बच्चों और शिक्षकों की सराहना की। यह आयोजन बेसिक विभाग के स्टडी हॉल एजुकेशनल फाउंडेशन एवं एच.सी.एल.एफ के सहयोग से संचालित लखनऊ शहर के 16 सरकारी स्कूलों में किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन 10 दिसंबर को होगा। शेफ – एच.सी.एल उदय कार्यक्रम कि प्रोजेक्ट हेड, शिखा सिंह ने कहा, "हम छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी से खुश हैं। हमारे बच्चों ने आत्मविश्वास और बड़े उत्साह के साथ प्रदर्शन किया। ये आयोजन किसी उत्सव से कम नहीं है।" स्टडी हॉल एजुकेशनल फाउंडेशन और एचसीएल फाउंडेशन के सहयोग से लखनऊ जनपद के 4 उच्च प्राथमिक एवं 12 प्राथमिक विद्यालयों में गत 4 वर्षो से डलॅबीववस ज्तंदेवितउंजपवद उदय कार्यक्रम का बेसिक शिक्षा विभाग लखनऊ के तत्वाधान में सक्रिय रूप से संचालन किया जा रहा है। राशिदा खातून, प्रधानाचार्य, बेसिक स्कूल नौबस्ता



ने कहा, "हमारे बच्चों ने इस कार्यक्रम के लिए बहुत मेहनत की है। हमारे बच्चों को बहुत कुछ सीखने को मिला है। यह कार्यक्रम उनका आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए एक बहुत अच्छा जरिया है।" 8वीं कक्षा की छात्रा अलीशा ने कहा, 'मुझे पहले मंच पर जाने से डर लगता था, लेकिन अब मैं इस कार्यक्रम में भाग लेने से मेरे अंदर आत्मविश्वास बढ़ गया है। मेरे शिक्षकों और सहपाठियों ने मेरा बहुत समर्थन किया है।" यह आयोजन प्रतिभा, कल्पना, रचनात्मकता और सतर्कता का मिश्रण है । इस कार्यक्रम में गीत, नृत्य, कला, पोस्टर बनाना रचनात्मक कविता आदि गतिविधियां शामिल है । इन गतिविधियों के माध्यम से प्रत्येक बच्चे की विशिष्टता प्रदर्शित हुई है । कार्यक्रम में आमंत्रित मुख्य अतिथि साधना वर्मा सभासद ने विजेताओं को पुरस्कार और सर्टिफिकेट्स देकर सभी प्रतिभागियों और शिक्षकों द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की।

## आत्मरक्षा के गुर सीखने से बढ़ता है खुद पर भरोसा : म्यूनिसिपल गर्ल्स काश्मीरी मोहल्ला में लगा सक्षम शिविर

पत्रकार मृत्युन्जय प्रताप सिंह की रिपोर्ट लखनऊ : जैक्सन ग्रुप ने लेट्स गिव होप फाउंडेशन के सहयोग से आज यहां म्युनिसिपल गर्ल्स इंटर कॉलेज कश्मीरी मोहल्ला में करीब 350 छात्राओं के लिए सक्षम कार्यक्रम के अंतर्गत सशक्त बनाने के लिए आत्मरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य लड़कियों में निडरता की भावना पैदा करना और मानसिक शक्ति बढ़ाना था। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में संयुक्ता भाटिया ने कहा कि लड़कियाँ आज हर क्षेत्र में अपना, परिवार का और देश का नाम रोशन कर रही हैं। उन्हें ऐसी सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग के माध्यम से हमें उन्हें स्वयं की सुरक्षा के लिए तैयार करना है। बेटियां घर परिवार के मान सम्मान के लिए बहुत से अअत्याचार सहन कर जाती हैं। इसके पीछे उनकी शारीरिक व मानसिक कमजोरी छिपी होती है। जिस दिन बेटियां शिक्षित हो आत्मरक्षा के तरीके सीख लेंगी, उस दिन वह हर अत्याचार का मुंहतोड़ जवाब भी दे सकेंगी। विद्यालय प्रभारी ने बताया कि यह एक अच्छा प्रयास है जिसके माध्यम से हर घर की बेटियां अपनी सुरक्षा स्वयं करेंगी और अवसर पड़ने पर अपने परिवार की भी रक्षा के लिए खड़ी होंगी। टीम ने ट्रेनिंग के संग पैदा होने वाली स्थितियों का हवाला देते हुए ब्लॉक, पंचिंग और किकिंग की तकनीक के गुर और बारीकियां भी समझाईं। प्रशिक्षकों का कहना था कि संकट के समय खुद को बचाने के लिए सीखी गई तकनीकें बालिकाओं में आत्मविश्वास पैदा करती हैं और उन्हें सुरक्षित महसूस कराती हैं। इस अवसर पर सीएसआर जैक्सन ग्रुप के वरिष्ठ प्रबंधक श्रीकुमार अविषेक ने कहा कि जैक्सन हमेशा अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के हिस्से के रूप में महिला सशक्तिकरण पर कार्य करने के लिए उत्सुक रहा है। लेट्स गिव होप फाउंडेशन ने हमें एक अवसर दिया है, कि



हम मिशन आगे ले जाएं और बालिकाओं को सशक्त बनाये। लेट्स गिव होप फाउंडेशन के संस्थापक आशीष मौर्या ने बताया कि यह मिशन ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के हर सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों व महाविद्यालयों में चलता रहेगा। कार्यक्रम में अविषेक कुमार, मुदित कुमार सिंह, हितेंद्र कुमार करण, अनीता सरोज, रूबी यादव, शालिनी कनौजिया, शालिनी सिंह, राशिका, अंबुज, वंशिता, कोमल, कुलदीप सिंह, फजल रिजवी, हिमांशु सिंह, अजमी हुसैन और शिक्षिकाएं आदि उपस्थित थे।

## रोडवेज बस से कुचलकर एक अज्ञात बाईक सवार की मौके पर मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जलालपुर चौराहा के पास बुधवार को करीब साढे बारह बजे रोडवेज बस से कुचलकर अज्ञात एक बाईक सवार की मौकस्थल पर मौत हो गयी ।एक अन्य घायल हो गया। सूचना पर मौकस्थल पर पहुँची पुलिस ने जाम को हटाया ।और शव को एम्बुलेंस से थाना पर भिजवाया.बताया जा रहा कि बाईक सवार जौनपुर की तरफ जा रहा था ।बिपरीत दिशा से वाराणसी की तरफ जा रही रोडवेज बस की चपेट मे आकर सड़क पर गिर पड़े ।इसके बाद रोडवेज बस बाईक सवार के सिर को कुचलते हुए आगे बढ़ गयी ।करीब 200 मीटर की दूरी पर बस को लोगों ने दौड़ा रोकवा दिया ।इसके बाद मौकास्थल जाम लग गया ।कुछ ही देर बाद पहुँची पुलिस जाम को हटवा दिया।

# खेती को उद्यम के रूप में अपनाने की आवश्यकता : रबी गोष्ठी में किसानों को किया गया प्रशिक्षित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कृषि विभाग द्वारा मंगलवार को ब्लाक मुख्यालय के में कृषि सूचना तन्त्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम योजनान्तर्गत रबी उत्पादकता गोष्ठी का आयोजन किया गया, जहा किसानों की आय दूनी करने के उपाय, पराली प्रबंधन, गेहूँ की लाईन में बुआई, विपणन व्यवस्था, मृदा स्वास्थ्य, रबी फसलों के बेहतर उत्पादन वाली तकनीकीयो एवं लाभकारी कृषि योजनाओं से विशेषज्ञों द्वारा किसानों को प्रशिक्षित किया गया। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए अपर जिला कृषि अधिकारी डा. रमेश चंद्र यादव ने कहा कि प्रदेश का विकास ' कृषि के विकास ' में निहित है। पूर्व में कृषि विकास हेतु संचालित योजनाओं में उत्पादन, उत्पादकता वृद्धि एवं खाद्य सुरक्षा पर विशेष बल रहा है। वर्तमान बाजार व्यवस्था में उत्पादन / उत्पादकता वृद्धि किसानों के आय में वृद्धि की गारन्टी नही है। उत्पाद का मूल्य सम्वर्धन, ग्रेडिंग, प्रसंस्करण, पैकेजिंग कर किसानों की समृद्धि की जा सकती है। डा. यादव ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसानों को अब खेती को आजीविका के साधन के रूप में नही बल्कि उद्यम के रूप में अपनाने की आवश्यकता है, इसमे कृषि तथा संबंधित विभागों यथा पशुपालन, उद्यान, मत्स्य, मंडी का सहयोग किसान भाइयों को लेना होगा। इस मौके पर तकनीकी सहायक डा. चन्द्रमणि, प्रेमचन्द पाल, बीटीएम जुनेद अहमद, राजेन्द्र प्रसाद पाल, महेंद्र सिंह, अनिल सिंह, विमल सिंह, पंकज उपाध्याय, नीलम, आशा, रेखा, सुनीता, हीरालाल, लक्ष्मण दास, सभाजीत आदि किसान मौजूद रहे।

# छत के रास्ते घुसे चोरों ने तीन घरों को बनाया निशाना : हजारों की नगदी सहित कीमती सोने के जेवरात चुराए

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बेखौफ चोरों ने पचेवरा गांव में तीन घरों को उस वक्त निशाना बनाया जबकि उस घर में कोई पुरुष सदस्य नही था और महिलाएं बाहर बरामदे में सोई हुई थी, इसी का फायदा उठाते हुए चोर छत के रास्ते आंगन में से घर मे उतरे और दस हजार नगदी सहित कीमती जेवरात लेकर चंपत हो गए। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के पचेवरा गांव के जोगेंद्र कन्नौजिया के घर केवल महिलाएं थी उसके घर का एक लड़का कही रिश्तेदारी में गया हुआ था, महिलाएं बाहर बरामदे में सोई हुई थी, छत के रास्ते सोमवार की रात में किसी समय घुसे चोरों ने कमरे में रखे बक्से को तोड़कर उसमे रखा दो सोने का चैन, 1 कनफूल, 1 पैजनी, 1 चांदी की हाफ करधनी, 1 सोने का मंगलसूत्र निकाल लिया। इसके बाद चोर महेंद्र कन्नौजिया के घर मे घुसे वहां से आलमाड़ी का लॉकर तोड़कर दस हजार नगदी व 1 चांदी की पायल व 1 कनफूल चुराया। उसके बाद चोरों ने इसी गांव के मुन्ना शर्मा के घर को निशाना बनाते हुए घुसे जहां से 1 सोने का मंगल सूत्र को चुरा लिया। भोर में लगभग चार बजे परिजनों की नींद खुलने पर घटना की जानकारी होते ही हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुची पुलिस छानबीन करने के साथ–साथ सुरागरसी में लगी रही। इस मामले में पूछे जाने पर थाना प्रभारी गौराबादशाहपुर विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि चोरी की तहरीर मिल गई है। मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। चोरों की बहुत जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# डी ए पी खाद और बीज न मिलने से किसान परेशान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गेहूं बुआई का समय शुरू होते ही बीज एवं खाद की किल्लत शुरू हो गई है। किसी भी गोदाम पर न डी ए पी खाद उपलब्ध है न ही कृषि सीड स्टोर पर बीज। किसान इधर से उधर चक्कर लगाने को मजबूर हैं। क्षेत्र के पढ़ुआ, सरायकेवट, भैंस हारामपुर, फरीदाबाद, सराय भोगी सहित किसी भी समिति पर डी ए पी खाद उपलब्ध नहीं है। किसान अपने खेतों को तैयार कर समितियों का चक्कर लगा रहे हैं। डी ए पी के साथ साथ गेहूं का बीज भी उपलब्ध नहीं है। भैंसहारामपुर गांव निवासी राजमणि पटेल ने बताया कि खेत एकदम तैयार है लेकिन खाद और बीज के लिए भटकना पड़ रहा है। भीलमपुर गांव निवासी गंगेश सिंह ने बताया कि किसानों की समस्या का निराकरण जल्द से जल्द नही किया गया तो फसल के उत्पादन पर प्रभाव पड़ेगा। सरायभोगी समिति के सचिव यतेंद्र सिंह ने बताया कि दो तीन दिन के अंदर आने की संभावना है। सराय केवट समिति के सचिव दिनेश यादव ने बताया कि पंद्रह दिन पूर्व खाद आई थी जो वितरित कर दी गई अब आने का इंतजार किया जा रहा है। कृषि सीड स्टोर इंचार्ज मनोज कुमार ने बताया कि गेहूं का बीज अभी खत्म हो गया है जल्द ही आ जायेगा आने के बाद किसानों को वितरित किया जाएगा।

# दहेज हत्या के आरोपी पति को दस वर्ष की सजा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ जौनपुर ने चंदवक थाना क्षेत्र के भूलनडीह में हुई विवाहिता सुमन की दहेज हत्या करने के आरोपि पति संजय यादव को दस वर्ष की सजा एवं 7,000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाया। अभियोजन कथानक संक्षेप में यह है कि जियाराम यादव निवासी ग्राम कैथी,वाराणसी ने चंदवक थाने पर एक प्राथमिकी दर्ज कराया था कि उसने अपनी पुत्री सुमन की शादी घटना के साढ़े तीन वर्ष पूर्व भूलनडीह निवासी संजय यादव से किया था। वादी की पुत्री विदा होकर मायके आती थी तो बताती थी कि एक मोटरसाइकिल और कुछ रुपए दहेज की मांग को लेकर ससुराल के लोग मारते पीटते व प्रताड़ित करते हैं। 12 अक्टूबर 2015 को पति संजय यादव का फोन आया कि सुमन की मृत्यु हो गई है।वहां पहुंचे तो पता चला कि वह जिला चिकित्सालय में भर्ती है। जब हम लोग अस्पताल गए तो ससुराल वाले सुमन का शव पड़ा था। ससुराल के लोग शव छोड़कर भाग गए थे।वादी ने ही शव का दाह संस्कार करवाया। पुलिस ने कोर्ट में केस डायरी दाखिल की। शासकीय अधिवक्ता सतीश पांडेय ने कोर्ट में गवाहों का बयान अंकित कराया। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद आरोपी पति संजय यादव को दहेज हत्या का दोषी पाते हुए 10 वर्ष की सजा सुनाया।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा जागरूकता हेतु निकाली गई बाइक रैली

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : डोभी ब्लॉक में प्रधानमंत्री कल्याणकारी फसल बीमा योजना को आम नागरिक तक पहुंचाने के लिए आयोजित बाइक रैली को खंड विकास अधिकारी डॉ. छोटेलाल तिवारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। बाइक रैली ब्लाक मुख्यालय से प्रारंभ होकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर समाप्त हुआ। बाइक रैली किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा के बारे में जागरूक करते तथा जागरूकता पम्पलेट बांटकर उससे होने वाले लाभ के संबंध में बताया गया।बाइक रैली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डोभी पर समाप्त हुई जहां ग्राम पंचायत बीरीबारी में किसानों के लिए एक छोटी सी सभा का आयोजन किया गया था जिसमें किसानों को बताया गया कि कैसे मामूली सी धनराशि देकर वह अपने फसल को प्राकृतिक आपदा से संरक्षित कर सकते हैं। कॉमन सर्विस सेंटर के जिला प्रबंधक प्रेम नारायण सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का प्रारंभ सभी कॉमन सर्विस सेंटर पर प्रारंभ हो गया है। किसान अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर पर अपना आधार कार्ड खतौनी और पासबुक के साथ अपने फसल को सुरक्षित करने हेतु पंजीकरण कर सकते हैं। जिले में फसल बीमा का कार्य अग्रणी बैंक एचडीएफसी एर्गो द्वारा किया जा रहा है प्रधानमंत्री फसल बीमा के तहत अगर किसानों को कोई भी प्राकृतिक आपदा जैसे बारिश सुखा या जानवरों के द्वारा फसल नष्ट हो जाती है तो उसका समुचित भुगतान किया जाता है।

# पूर्व प्रमुख स्व0 कैलाश नाथ सिंह की मनाई गई 22वीं पुण्यतिथि

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पूर्व प्रमुख रामनगर स्व0 कैलाश नाथ सिंह की 22 वी पुण्यतिथि दिनकर इण्टर कालेज जमालापुर परिसर मे मनायी गयी। इस अवसर पर चित्र पर पुष्प अर्पित कर लोगो ने भाव पूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पीजी कालेज मड़ियाहूं के प्राचार्य प्रो सुरेश पाठक ने स्व0 कैलाश नाथ सिंह अटरिया के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्री सिंह का शिक्षा क्षेत्र मे विशेष योगदान रहा साथ ही दबे, कुचले गरीबो के मसीहा के रुप मे जाने थे। क्षेत्र के विकास लिए सदैव संघर्ष करते थे। उनके सामाजिक अहिमियत के लोग आज भी दीवाने है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रमुख अरविंद सिंह मखड़ू ने किया। विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख रामनगर तारा देवी रही । कार्यक्रम का संचालन नागेश्वर सिंह ने किया। इस अवसर पर डा0 उर्मिला सिंह,राजेश सिंह, संजय जायसवाल,अमित सिंह, कमल सिंह,जय सिंह,अजीत सिंह,अजय,डब्बू आदि उपस्थित रहे। कालेज के प्रबंधक डा0 प्रमोद सिंह,व प्रधानाचार्य सूर्यभान सिंह ने आये हुए सभी आगन्तुको के प्रति आभार जताया।

# आश्रम के महन्त का ह्रदयगति रुकने से हुई मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के भानपुर गांव में स्थित करुणाकर आश्रम के महंत की ह्रदय गति रुकने से हुई मौत, मौत की सूचना पर गमगीन हुए ग्रामीण जानकारी के अनुसार सुल्तानपुर जनपद के चाँदा थाना क्षेत्र के मल्हीपुर वाजिदपुर गांव निवासी त्रिभुवन नाथ उपाध्याय उर्फ सत्यानंद जो क्षेत्र के भानपुर गांव में स्थित करुणाकर आश्रम के महंत थे जिनके मंगलवार की देर शाम सीने में अचानक दर्द उठने लगा ग्रामीण भदोही के निजी अस्पताल में उपचार के लिए ले गए जहां डॉक्टरों ने तो मृत घोषित कर दिया जिस की जानकारी ग्रामीणों द्वारा महंत के परिजनों को दी गई सूचना पर महंत के परिजन उनके शव को अपने घर लेकर चले गए जैसे ही महंत की मौत की सूचना ग्रामीण व क्षेत्रीय लोगों को हुई लोगों ने अंतिम दर्शन के लिए मंदिर परिसर में उमड़ पड़े बाबा कि सरलता की हर कोई प्रशंसा करते रहे इस दौरान विश्व गुरु करुणानंद सरस्वती जी महाराज,जगदंबा सिंह,पगुधारि पटेल, नागेंद्र मिश्र, योगेंद्र पांडे, लल्लू सिंह, राहुल मिश्र, नागेंद्र सिंह, कमलेश पाठक,शारदा सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# प्राथमिक विद्यालय बनगांव पट्टी में चूल्हे पर बन रहे एमडीएम से रसोंइया परेशान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बनगांव पट्टी में 95 छात्र– छात्राओं के लिए बनने वाला एमडीएम गैस सिलिंडर के बजाय चूल्हे पर लकड़ी से बन रहा है! इस बात को लेकर रसोइयां परेशान है! मंगलवार को मीनू के मुताबिक चावल दाल बच्चों के लिए रसोइयां द्वारा बनाया जा रहा था! चूल्हे पर लकड़ी से खाना बना रही रसोइयां को धूंए का सामना करना पड़ रहा था! पूंछे जाने पर प्रधानाध्यापक अच्छे लाल यादव ने बताया कि पिछले 20 अक्टूबर को रसोई घर का दरवाजा तोड़ कर चोर गैस सिलेंडर उठा ले गये हैं! तब से यह समस्या पैदा हुई है! चूल्हे पर खाना बनाने के कारण उठ रहे धूंए से रसोंइया के आंख पर बुरा असर पड़ रहा है!

# ताला तोड़कर हजारों की चोरी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर पंचायत क्षेत्र रामपुर के ग्राम मई (पाही) में बीती रात्रि में जय शंकर दुबे के मकान का ताला तोड़कर हजारों रुपए का गृहस्थी का सामान उठा ले गये। सुबह जानकारी होने पर परिवार के लोगों ने पुलिस को सूचना दिया। बताया जाता है कि मकान मालिक जय शंकर दुबे ग्राम मई( पाही ) अपने मकान में ताला बंद कर परिवार सहित मुम्बई में रहते हैं, जिसमें चोरों ने ताला तोड़कर घर में घुसकर मकान के अंदर चार कमरों में रखा गृहस्थी का सामान उठा ले गये। घटना की जानकारी होने पर भाई कृपा शंकर दुबे ने फोन द्वारा भाई जयशंकर को दिया तथा थानाध्यक्ष रामपुर को दिया। इस बाबत थानाध्यक्ष रामपुर दिव्य प्रकाश सिंह ने कहा कि घटना की जानकारी हुई है। अतिशीघ्र ही चोरी का पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

# सड़क दुर्घटना में दरोगा घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जलालपुर क्षेत्र के सिरकोनी बाजार में मंगलवार को बुलेट सवार दरोगा को एक बाइक ने टक्कर मार दिया।जिसमें वे घायल हो गए।वाराणसी के धौकलगंज में तैनात एस आई अरविंद यादव न्यायालय के कार्य से जौनपुर कचहरी जा रहे थे।उक्त बाजार में तेज रफ्तार से आकर एक बाइक सवार ने टक्कर मार दिया।अरविंद यादव को उपचार के लिए जलालपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।

# सावित्री बाई महिला स्वंय सहायता समूह को कोटे की दुकान के लिए प्रस्तावित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उपायुक्त स्वरोजगार ओपी यादव ने उप जिलाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार को पत्र लिखकर अवगत कराया है कि शासनादेश के मुताबिक ग्रामपंचायत देनुआ में प्रस्तावित सावित्रीबाई महिला स्वंय समूह को कोटे की दुकान आवंटित करें! सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राशन की दुकानों का आवंटन स्वयं सहायता समूह को अनुमोदित किया जाने का शासनादेश है! उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत देनुआ में क्रमशः लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह, सावित्रीबाई महिला स्वयं सहायता समूह, गरीब नवाज आजीविका महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा सरकारी उचित दर की दुकान के लिए आवेदन किया गया है! तीनों समूह का गठन 7 जुलाई के बाद का है! समूहों को उचित दर की दुकान आवंटन हेतु मिशन निदेशक उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका लखनऊ का पूर्वानुमोदन आवश्यक है। ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह को उचित दर दुकान आवंटन हेतु अधिकारियों की गठित जिला स्तरीय टीम द्वारा बैठक दिनांक 10 नवम्बर को आयोजित बैठक में सावित्रीबाई महिला स्वयं सहायता समूह को उचित दर विक्रेता चयन हेतु प्रस्तावित की गई है! गौरतलब है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली में अनियमितता के कारण ग्रामपंचायत देनुआ के कोटे की दुकान को गत दिनो बर्खास्त कर दिया गया था!

# चार के विरुद्ध केस दर्ज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोतवाली क्षेत्र के सरोखनपुर गांव निवासी बृजेश प्रजापति की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मार पीट, गाली गलौज देने तथा जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है। घटना सोमवार अपरान्ह चार बजे अपरान्ह की है! बृजेश का आरोप है कि गाँव के देवेंद्र उर्फ शुभम, संजय खरवार, विवेक व शिवा खरवार ने बातचीत करने के बहाने माडर्न कोचिंग सेंटर के पास बुलाया। जाने पर सभी लोग लामबंद होकर गाली गलौज देना शुरू कर दिए। विरोध करने पर लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित जब जान बचाने के लिए भागने लगा तो उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये! प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है!


# यातायात माह के तहत बच्चों को यातायात के प्रति किया जागरूक



जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : "यातायात माह नवम्बर" के तत्वाधान में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जौनपुर के निर्देशन में निर्धारित कार्यक्रम वाहनों को बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस चलाना। जिसके क्रम में प्रचार–प्रसार कर जागरुकता कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस वाहन चलाने वालो के विरुद्ध चालान की कार्यवाही किया गया, व इनके दुष्परिणाम से उनको अवगत कराया गया, तथा दोषी पाये जाने पर चालान की कार्यवाही की गयी व इसके प्रति प्रचार प्रसार करते हुए वाहन चालको कों जागरूक किया गया तथा इसके अतिरिक्त हाइजेनबर्ग इण्टरनेशनल, स्कूल मड़ियाहू,जौनपुर में निबंध, क्विज, रंगोली, व संभाषण प्रतियोगिता के साथ साथ यातायात जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह , क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूं श्री अशोक कुमार सिंह ,अंडर ट्रेनिंग क्षेत्राधिकारी श्री देवेश कुमार सिंह , प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मड़ियाहूं श्री ओम नारायण सिंह ,साइबर क्राइम सेल से श्री ओपी जायसवाल, आर0आई0 परिवहन श्री अशोक कुमार श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य श्री सुभाष चंद्र सिंह वह अध्यापक गण हाइजेनबर्ग इण्टरनेशनल, स्कूल मड़ियाहू,जौनपुर प्रभारी निरीक्षक यातायात श्री जी0डी0 शुक्ला मौजूद रहे, व इनके द्वारा रंगोली, संभाषण, क्विज, निबंध प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया । तथा उन्हें यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया, तथा यातायात नियमों के बारे में सभी बच्चों को अपने परिवार, गांव समाज के लोगों को जागरूक करने के लिए बताया गया । तथा आज दिनांक 22.11.2022 को जनपद पुलिस / यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले वाहन चालको के विरुद्ध कुल 302 चालान व 3,09,500 /– रुपये शमन शुल्क की कार्यवाही की गयी है।

# प्रदेश की नई पर्यटन नीति से युवा को मिलेगा रोजगार और विकास को बल –मृत्युंजय दीक्षित

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भीअपनी लोकप्रियता के कारण हिमाचल और गुजरात में जम कर चुनाव प्रचार कर रहे हैं किन्तु उनकी दृष्टि एक पल के लिए भी अपने प्रदेश के विकास कार्यक्रमों से नहीं हटती, वे इस व्यस्तता के बीच भी प्रदेश के विकास के लिए नई नीतियों पर विचार मंथन करते हुए उन्हें अनुमति प्रदान कर रहे हैं। प्रदेश की कानून व्यवस्था लगातार सुधार की ओर अग्रसर है अतः अब प्रदेश सरकार एक ट्रिलियन डॉलर (10 खरब अमेरिकी डॉलर) की अर्थ व्यवस्था का लक्ष्य लेकर निवेश को गति प्रदान करने का काम कर रही है। इस दिशा में कई नीतिगत प्रयास हो रहे हैं और प्रदेश की नई पर्यटन नीति भी इसी का एक अंग है जो निवेशकों को आकर्षित करने का काम करेगी । प्रदेश सरकार की नई पर्यटन नीति बहुआयामी विकास को धार देने वाली है और यदि इसको सही ढंग से धरातल पर उतारा गया तो प्रदेश में धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन नई ऊर्चाइयों को छूने जा रहा है। पर्यटन को बढावा देने के लिए भी निवेशकों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत आकर्षित किया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने नई पर्यटन नीति में 22 नई गतिविधियों को जोड़ा है जिसमें बजट होटल, हेरिटेज होटल, स्टार होटल, हेरिटेज होम स्टे, इको टूरिज्म की ईकाइयां, कारवां टूरिज्म, यूनिट, प्रदर्शनी, तीर्थयात्रा, धर्मशालाएं, वेलनेस रिसार्ट, आल वेदर सीजनल कैंप, जलाशय, झील, वेलनेस टूरिज्म तथा एडवेंचर टूरिज्म को भी शामिल कर लिया गया है। अब पर्यटन का विकास गांवों तक किया जायेगा। प्रत्येक गांव में किसी प्राचीन मंदिर ,धरोहर व महापुरूषों से संबंधित स्थलों को चिन्हित करके उस गांव का भी विकास किया जाएगा। अमृत सरोवरों के माध्यम से भी पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा। जिस प्रकार प्रदेश सरकार ने एक जिला – एक उत्पाद योजना पर काम किया है उसी प्रकार अब एक जिला एक पर्यटन केंद्र का भी विकास किया जाएगा । अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण और रामलला के सूर्यतिलक की अद्भुद व्यवस्था से वहां भारी संख्या में देशी व विदेशी श्रद्धालु आएंगें वहीं मथुरा और काशी में भी भक्तों की भारी संख्या आएगी । अयोध्या, मथुरा व काशी आने वाले तीर्थ यात्रियों के लिए विकास के काफी काम किये जा रहे हैं। प्रदेश में रामायाण और कृष्ण सर्किट की नए सिरे से स्थापना की जाएगी। रामायाण सर्किट में अयोध्या, चित्रकूट, बिठूर समेत अन्य धार्मिक स्थल शामिल होंगे। कृष्ण सर्किट में मथुरा, वृंदावन, गोकुल, गोवर्धन, बरसाना, नंदगांव, बलदेव से लेकर अन्य धार्मिक स्थलों को जोड़ा जाएगा। इसी तरह बुद्धिस्ट सर्किट में कपिलवस्तु, सारनाथ, कुशीनगर, कौशाम्बी, श्रावस्ती, रामग्राम समेत कई स्थल शामिल होंगे। नई पर्यटन नीति में हस्तिनापुर, कांपिल्य, अहिच्छत्र, बरनावा, मथुरा,कौशाम्बी , गोंडा,लाक्षागृह जैसे स्थलों को जोड़ते हुए महाभारत सर्किट की स्थापना की जाएगी। विन्ध्यवासिनी देवी, अष्टभुजा से लेते हुए देवीपाटन, नैमिषारण्य, मां ललिता देवी, ज्वाला देवी, शाकुंभरी देवी, सहानपुर से शिवानी देवी, चित्रकूट और शीतला माता मऊ तक शक्तिपीठ का विकास किया जाएगा। प्रदेश में जैन सर्किट भी बनाया जाएगा यह देवगढ़, हस्तिनापुर से लेकर पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, रामनगर तक होगा। नई पर्यटन नीति के अंतर्गत अब स्वतंत्रता संग्राम सर्किट भी बनाया जाएगा।जिसमें स्वतंत्रता संग्राम के अहम स्थान जैसे मेरठ, शाहजहांपुर, काकोरी, चौरीचौरा आदि स्थलों को जोड़ा जाएगा। बुंदेलखंड सर्किट का भी विस्तार




किया जा रहा है। नई पर्यटन नीति में सभी पर्यटन श्रेणियों की इकाइयों की स्थापना पर किये गए पूंजी निवेश पर सब्सिडी दी जाएगी। नई नीति में रोजगार सृजन पर ईपीएफ सब्सिडी, नवाचार, विशिष्ट प्रोत्साहन विपणन एवं संवर्धन प्रोत्साहन राज्य की दुर्लभ व लुप्तप्राय कला, संस्कृति और व्यंजनों का संरक्षण, संवर्धन और पुनर्जीवित किये जाने के लिए प्रोत्साहन की व्यवस्था है। प्रदेश सरकार की नई नीति में बंद पड़े पुराने किलों व महलों को भी पर्यटन की दृष्टि से खोलने का निर्णय लिया है। प्रदेश सरकार ने पर्यटन नीति के अंतर्गत इस क्षेत्र में आगामी 5 साल में 10 लाख युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य भी रखा गया है। प्रदेश में योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार आने के साथ ही प्रदेश में पर्यटन तीव्र गति से गतिमान हो रहा है। अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण प्रारंभ हो जाने के बाद और अयोध्या में हर दीपावली के अवसर पर भव्य दीपोत्सव के आयोजन तथा विविध देशों के कलाकारों द्वारा रामलीला मंचन आदि से अयोध्या का दीपोत्सव पर्यटन के अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर अपना महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त कर चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जी 20 शिखर सम्मेलन की अपनी बाली यात्रा के दौरान वहां के भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए अयोध्या का उल्लेख करते हुए कहा था कि हर व्यक्ति की अयोध्या आने की इच्छा होती है जिसका संदेश साफ है कि आने वाले समय में विश्व के प्रत्येक कोने में निवास करने का हर हिन्दू अयोध्या आएगा जिसके लिए आदर्श व्यवस्था की जा रही है। अयोध्या में अभी से ही लाखों की संख्या में भक्त उमड़ रहे हैं। काशी में भव्य काशी विश्वनाथ कारिडोर का काम जारी है वहां पर भी सावन माह से अब तक करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु आ चुके हैं । विगत सप्ताह से एक भारत श्रेष्ठ भारत योजना के अंतर्गत काशी –तमिल संगमम का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के बाद भी वहां दक्षिण भारतीय शिव भक्तों की भारी भीड़ उमड़ सकती है। वृन्दावन में बांके बिहारी कोरिडोर भी बनने वाला है । अयोध्या की पांच और चौदह कोसी परिक्रमा, वृन्दावन और गोवर्धन परिक्रमा, चित्रकूट परिक्रमा पथ भी विकसित हो रहे हैं । प्रयागराज का कुम्भ और माघ मेला तथा गोरखपुर का गोरक्षपीठ प्रदेश में आध्यात्मिक पर्यटन के दो बड़े केंद्र हैं । राजधानी लखनऊ में भी पर्यटकों को लुभाने के लिए कई आकर्षक उपाय किये जा रहे है। जिनका असर दिख रहा है। पर्यटकों को लखनऊ भ्रमण कराने के लिए वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसें चलेंगी। लखनऊ शहर में भी पर्यटन के विविध स्थल हैं जहां पर लोग बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। प्रदेश की राजधानी लखनऊ में ही वर्ष 2017 में 50,61,193 यात्री आए और अब 2021 में यह संख्या बढ़कर 43,92,435 हो गई है। यात्रियों को बसों के माध्यम से भ्रमण कराने के लिए मार्ग तय कर लिए गये हैं। यही नहीं अब लखनऊ के आसपास छोटे जिलों व कस्बों मे भी पर्यटक स्थलों को चिन्हित कर उनका विकास किया जा रहा है जिसके कारण धार्मिक व आध्यत्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिल रहा है। इन स्थलों में महादेव, पारिजात वृक्ष, मजीठा, चन्द्रिका देवी मंदिर इत्यादि शामिल है । पूर्व की की सरकारों ने अपनी छद्म धर्मनिरपेक्षता के कारण प्रदेश के सभी धार्मिक, आध्यात्मिक व सांस्कृतिक केन्द्रों को विकास से दूर रखा किन्तु मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं सौ से अधिक बार काशी का दौरा कर चुके हैं, वे अयोध्या तथा मथुरा का दौरा भी नियमित रूप से करते रहते हैं इससे धार्मिक पर्यटन को बल मिलता है।

# इलाज कराकर घर लौट रहे युवक का मिला शव : मौत की खबर सुनकर परिजनों मे मचा कोहराम

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : खुटहन थाना क्षेत्र के बनहरा गांव निवासी युवक का मंगलवार की देर रात खुटहन रोड वर्मा मेडिकल स्टोर के समीप चोटहिल युवक का शव मिलने से हडकंप मच गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने आनन फानन शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार खुटहन थाना क्षेत्र के पटैला बाजार समीप बनहरा गांव निवासी संतोष कुमार यादव (32)पुत्र मोतीलाल लाल यादव अपने इलाज के लिए लखनऊ गया था। इलाज कराकर शनिवार की रात फिरोजपुर धनबाद (किसान) एक्सप्रेस ट्रेन से शाहगंज स्टेशन पर उतरा नगर के एक होटल में भोजन करने के बाद घर के लिए सवारी वाहन पकडने के लिए खुटहन रोड स्थिति वर्मा मेडिकल स्टोर के पास चोटहिल अवस्था में पहुचा। जहां संतोष की मौत हो गई। देर रात मृत अवस्था में शव देखकर स्थानीय नागरिकों ने पुलिस को सूचना दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर। कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। सिनाख्त करने के बाद कोतवाली पुलिस ने बुधवार की सुबह परिजनों को सूचना दिया।मौत की खबर सुनकर परिजनों मे कोहराम मच गया ।इस संबंध में पूछे जाने पर प्रभारी निरिक्षक सदानंद राय का कहना है कि अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक युवक घायल हो गया था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया है। पोस्ट मार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। बुझ गया घर का चिराग मां बाप को नही रहा कोई कंधा देने वाला मृतक संतोष कुमार यादव अपने मां बाप का इकलौता बेटा था। मृतक की शादी चार साल पहले नगर से सटे नटौली गांव में हुई थी। मृतक को डेढ साल का एक लडका जिसका नाम अभी है। मृतक के पिताजी सुरत में नौकरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते थे।गांव वासियों का कहना है कि मां बाप को कंधा देने वाला घर में कोई नही रह गया है। मृतक की पत्नी का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। मां बाप समझाने वाला कोई नही रह गया है। मृतक की एक छोटी बहन है जिसकी शादी दो साल पहले हो गयी थी। मौत की खबर सुनकर गांव में सन्नाटा पसर गया है। परिवार के लोगों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है।

# जनपदीय बेसिक शिक्षा क्रीड़ा प्रतियोगिता 2022– 23 का हुआ सफलतापूर्वक समापन

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) डॉ भीमराव अंबेडकर विद्यालयी क्रीड़ा संस्थान स्पोर्ट्स स्टेडियम मकबरा पर जनपदीय बेसिक शिक्षा क्रीड़ा प्रतियोगिता 2022– 23 का समापन अयोध्या के महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ,रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ,जिलाधिकारी नितीश कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर परिषदीय विद्यालयों के बच्चों ने मनमोहक स्वागत गीत से अतिथियों का स्वागत करते हुए मंत्रमुग्ध कर दिया साथ ही कई खेल प्रस्तुत किया, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय ने सभी अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया। इस अवसर पर मेयर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि प्रतिवर्ष जनपदीय क्रीड़ा प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को प्रदेश व देश में आगे बढ़ने का मौका मिलता है। नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि खेलों से बच्चों में अच्छा करने की प्रतिस्पर्धा बढ़ती है जिससे वह भविष्य में नाम रोशन करते हैं। रुदौली के विधायक रामचंद्र यादव ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों की बच्ची ही देश का भविष्य और खेलों के माध्यम से भी बच्चे माता–पिता व गुरुजनों का नाम रोशन करते हैं, अमानीगंज के विजेता बनने पर रुदौली विधायक ने बच्चो को विशेष बधाई दी। उन्होंने मंडली प्रतियोगिता में भी बेहतर करने हेतु प्रेरित किया। जिला पंचायत प्रतिनिधि रोहित ने कहा कि खेलों से बच्ची प्रतिस्पर्धा के माध्यम से आगे बढ़ते हैं। इस अवसर पर जिलाधिकारी में कहा कि ब्लॉक स्तर के विजयी प्रतिभागी बच्चों द्वारा आज जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रतिभा किया है यहां से विजयी प्रतिभागी बच्चों द्वारा मंडल स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि खेलकूद को बढ़ावा देना बहुत ही महत्वपूर्ण है शिक्षा के साथ–साथ खेलकूद भी चलना चाहिए इससे बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। खेल खेल में शिक्षा से शिक्षण कार्य को और रुचिकर बना सकते हैं इससे बच्चे रुचि लेकर शिक्षा ग्रहण करते हैं। खेल से बच्चों का शारीरिक विकास के साथ ही मानसिक विकास की होता है। शारीरिक विकास बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि स्वस्थ मस्तिष्क स्वस्थ शरीर में होता है अतः खेल का बहुत महत्व है खेल के महत्व को रेखांकित करने के लिए ही खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं इस अवसर पर लड़के ने शिक्षकों से आवाहन किया कि सभी शिक्षक अपने अपने बच्चों को अधिक से अधिक खेलकूद के लिए प्रेरित ओम प्रोत्साहित करें और हमेशा नए रिकॉर्ड बनाने के लक्ष्य के साथ कार्य करें इस अवसर पर विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया तथा समस्त प्रतिभागियों को और मेहनत कर और बेहतर करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में कुल 14 प्रतियोगिताओं में नगर क्षेत्र सहित 12 विकासखंड के बच्चों को प्रतिभाग करने का मौका मिला जिसमें करीब 12 सौ से अधिक बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिसमें 118 अंकों के साथ अमानीगंज ओवर आल चौंपियन रहा जबकि 61 अंकों के साथ ब्लॉक तारुन को दूसरा स्थान और 53 अंकों के बीकापुर को तीसरा स्थान प्राप्त किया।टीम स्पर्धा में प्राथमिक बालक वर्ग में विकासखंड अमानीगंज ने 20 अंक के साथ और बालिका वर्ग में विकासखंड अमानीगंज में 25 अंक के साथ विजेता बनने और जूनियर स्तर बाल अकबर में विकासखंड अमानीगंज 20 अंक के साथ विजेता और बालिका वर्ग में विकासखंड अमानीगंज 53 अंक के साथ प्राप्त कर चौंपियनशिप का खिताब जीता,अंको के आधार पर व्यक्तिगत प्रतिस्पर्धा में प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में विकासखंड अमानीगंज के रोहित में 8 अंक के साथ और बालिका वर्ग में विकासखंड अमानीगंज शाहजहां ने 10 अंक लेकर व्यक्तिगत चौंपियन बनने का गौरव हासिल किया। इसी प्रकार जूनियर स्तर बाल अकबर में विकासखंड मिल्कीपुर के अमन 11 अंक और बालिका वर्ग में विकासखंड तारुन की कल्याणी ने 10 अंक प्राप्त कर व्यक्तिगत चौंपियनशिप का खिताब जीता।खेल के अंतिम दिन प्राथमिक बालक सुलेख प्रतियोगिता में आदर्श यादव सोहावल प्रथम सुमित सेन सोहावल द्वितीय अर्चिता यादव मसौदा तृतीय स्थान पर रहे वहीं प्राथमिक स्तर लंबी कूद में अंश मसौधा प्रथम रोहित अमानीगंज द्वितीय दीपांशु मिल्कीपुर तृतीय स्थान पर प्राथमिक स्तर बालक खो खो प्रतियोगिता में अमानीगंज विजेता और हैरिंग्टनगंज उपविजेता रहा, प्राथमिक बालक कबड्डी प्रतियोगिता में मसौधा विजेता और रुदौली विजेता रहा।प्राथमिक बालिका वर्ग में लंबी कूद में यासमीन माया प्रथम अंशिका बीकापुर द्वितीय अन्नू तारुन तृतीय स्थान पर रही बालिका वर्ग प्राथमिक खो–खो प्रतियोगिता में अमानीगंज विजेता और हरण टीम गंज विजेता रहा कबड्डी प्रतियोगिता में तारुन विजेता और बीकापुर उपविजेता रहा। जूनियर बालक वर्ग 400 मीटर की दौड़ में सुजीत तारुन प्रथम सूरज अमानीगंज द्वितीय राज हैरिंग्टनगंज तृतीय स्थान पर रहे जूनियर खो–खो वर्ग में हैरिंग्टनगंज विजेता और अमानीगंज विजेता रहा लंबी कूद जूनियर बालक वर्ग में सनी यादव बीकापुर प्रथम अमन मिल्कीपुर द्वितीय सौरभ कनौजिया मैया तृतीय स्थान पर रही योगा में बीकापुर में प्रथम स्थान अमानीगंज द्वितीय स्थान और मिल्कीपुर ने तृतीय स्थान बनाया बाल अकबर कबड्डी प्रतियोगिता में मसौधा विजेता और मवई उपविजेता रहा। जूनियर बालक वर्ग की 400 मीटर दौड़ में मोनिका पाल तरुण प्रथम अक्षरा सिंह हैरिंग्टनगंज ज्योति अंजली यादव बीकापुर तृतीय स्थान पर रही, खो खो जूनियर बालिका वर्ग की प्रतियोगिता में अमानीगंज विजेता और है रेंटिंग अंक विजेता रहा लोग गीत की प्रतियोगिता में अमानीगंज विजेता और मिल्कीपुर उपविजेता रहा एकांकी कार्यक्रम में मिल्कीपुर प्रथम स्थान अमानीगंज द्वितीय स्थान और हैरिंग्टनगंज तृतीय स्थान पर समूह गान प्रतियोगिता में अमानीगंज विजय प्रथम स्थान में रखी को द्वितीय स्थान में तीसरे स्थान पर मानचित्र की प्रतियोगिता में बीकापुर की अनामिका को प्रथम स्थान सूरज साहू को बीकापुर को द्वितीय स्थान खुशी चौरसिया मसौदा को तीसरा स्थान मिला है कि प्रतियोगिता में लकी मिश्रा तारों को प्रथम स्थान मरियम बीकापुर बीकापुर को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।जूनियर बालिका वर्ग लंबी कूद की प्रतियोगिता में सीबा अमानीगंज प्रथम, प्रतिभा हैरिंग्टनगंज द्वितीय और लक्ष्मी मिल्कीपुर तृतीय स्थान पर रही है। अक्षरी जूनियर बालिका प्रतियोगिता में अमानीगंज प्रथम बीकापुर द्वितीय और रुदौली तीसरे स्थान पर रहा जूनियर बालिका वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में तारुन विजेता और पूरा उपविजेता रहा। खेलकूद प्रतियोगिता में विजेता और उपविजेता बच्चों को अतिथियों और जिलाधिकारी ने पुरुस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष, शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष आदि शामिल रहे।

# अवध विश्वविद्यालय में प्रो0 प्रतिभा गोयल ने किया कुलपति का कार्यभार ग्रहण

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार महिला कुलपति को कमान मिली। मंगलवार को विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन में पूर्वाह्न पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, पटियाला के स्कूल आफ बिजनेस स्टडीज की प्रो0 प्रतिभा गोयल ने कुलपति का कार्यभार ग्रहण किया। प्रो0 गोयल ने विश्वविद्यालय की 17 वीं पूर्णकालिक कुलपति के रूप में निवर्तमान कुलपति प्रो0 अखिलेश कुमार सिंह से चार्ज लिया। इसके पूर्व निवर्तमान कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह के इस्तीफा देने के बाद 01 जून, 2022 को रज्जू भईया विश्वविद्यालय प्रयागराज के कुलपति प्रो0 अखिलेश कुमार सिंह को विश्वविद्यालय को कार्यवाहक कुलपति के रूप में नियुक्त किया गया था। साढ़े पांच माह बाद प्रदेश की राज्यपाल व कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने प्रो0 गोयल को विश्वविद्यालय का पूर्णकालिक कुलपति नियुक्त किया। कुलपति प्रो0 प्रतिभा ने 1987 में बीए आनर्स की उपाधि पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला से प्राप्त की है। 1989 में गुरूनानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर से एमबीए की उपाधि प्राप्त की है। वही 1993 में पंजाबी विश्वविद्यालय से पीएचडी की उपाधि हासिल की। प्रो0 गोयल ने 1994 में पंजाबी विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद से शुरूआत की। 2003 से 2009 तक एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर रही। वहीं वर्ष 2009 से लेकर अबतक प्रोफेसर के पद पर विद्यमान रही। विश्वविद्यालय में प्रो0 प्रतिभा गोयल के कुलपति का पदभार ग्रहण करने से पहले परिसर स्थित डॉ0 लोहिया, सरदार वल्लभभाई पटेल, महात्मा गांधी व विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। प्रो0 गोयल के कार्यभार के वक्त मुख्य नियंता प्रो0 अजय प्रताप सिंह, कुलसचिव उमानाथ, वित्त अधिकारी पूर्णेन्दु शुक्ल, प्रो0 चयन कुमार मिश्र, प्रो0 एसएन शुक्ल, प्रो0 एसएस मिश्र, प्रो0 एसके रायजादा, प्रो0 एमपी सिंह, प्रो0 आशुतोष सिन्हा, प्रो0 राजीव गौड़, प्रो0 नीलम पाठक, प्रो0 फारूख जमाल, प्रो0 तुहिना वर्मा, प्रो0 विनोद श्रीवास्तव, प्रो0 शैलेन्द्र वर्मा, प्रो0 शैलेन्द्र कुमार, डॉ0 राजेश कुमार सिंह, सहायक कुलसचिव डॉ0 रीमा श्रीवास्तव, मो0 सहील सहित बड़ी संख्या में शिक्षक व कर्मचारी संघ के अध्यक्ष व महामंत्री उपस्थित रहे।

# टैबलेट एवं स्मार्टफोन छात्रों को शिक्षा में करेगा सहयोग–ऋषिकेश उपाध्याय

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) श्रीराम बल्लभकुंज मंदिर द्वारा संचालित श्री सर्वधर्मवर्धिनी संस्कृत पाठशाला, जानकी घाट के छात्र–छात्राओं को सोमवार को योगी सरकार के द्वारा टैबलेट एवं स्मार्टफोन का वितरण सोमवार को वितरित किए गए। इस अवसर पर -



नगर निगम मेयर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि योगी सरकार की यह पहल छात्रों को उनकी शिक्षा में सहयोग करेगी और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए लाभकारी साबित होगी। समारोह की अध्यक्षता श्रीराम बल्लभकुंज के अधिकारी संत राजकुमार दास ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक, सरयू आरती के प्रबंधक महन्त शशिकांत दास, भाजपा महानगर महामंत्री परमानन्द मिश्र सहित मंदिर से जुड़े लोग उपस्थित रहे।

# धरतीपुत्र दिवस के रूप में अपने नेता जी को याद कर रहे हैं समर्थक –पंडित समरजीत

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) धरती पुत्र श्रद्धेय नेताजी मुलायम सिंह यादव जी के जन्मदिवस को (धरती पुत्र दिवस) के रूप में सपा के दिव्यांग नेता पंडित समरजीत ने माताओं बहनों के बीच धरतीपुत्र दिवस के रूप में मनाया तथा श्रद्धेय नेताजी को अर्पित की श्रद्धांजलि और नेता जी के आदर्शों पर चलते हुए माताओं बहनों में वितरित किया सरसों का तेल। विधानसभा बीकापुर क्षेत्र के पिपरी जलालपुर निषाद बस्ती में पंडित समरजीत ने पहुंचकर माताओं बहनों के बीच श्रद्धेय नेताजी का धरतीपुत्र दिवस के के रूप में अर्पित की श्रद्धांजलि। पंडित समरजीत ने कहा– धरतीपुत्र के नाम से विख्यात हमारे नेता जी का आज जन्मदिन था जिसको आज हम सब मिलकर धरतीपुत्र दिवस के रूप में अपने नेता जी को याद कर रहे हैं हम सब के नेता जी सदैव कहते थे कि जब भी गरीबों के ऊपर कोई कष्ट हो तब हम सबको साथ मिलकर उनके हक हुकूक के लिए सदैव संघर्ष करना चाहिए आज हम सब मिलकर यह अपने नेता जी के आदर्शों तथा विचारों को आगे बढ़ाते हुए हम सब यह शपथ लेते हैं कि नेता जी के बताए हुए रास्ते पर चलते हुए सदैव संघर्ष करने का काम करेंगे और माताओं बहनों के सुख दुख में कंधे से कंधा मिलाकर उनके साथ खड़े रहेंगे यही आज हमारे नेता जी की सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# डाकघर बचत बैंक खाते से ग्राहकों को मिलेगा डीबीटी का लाभ–पी के सिंह

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) बैंकों के समान ही अयोध्या डाक मंडल के सभी 703 डाकघरों में डीवीटी सेवा से लाखों बचत बैंक ग्राहकों को मिलने लगा बैंकों की तरह डाकघर का आईएफएससी कोड जारी किया गया है।मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर पी के सिंह ने अयोध्या प्रधान डाकघर का वीक्षण करते हुए बताया कि बैंकों की तरह अब डाकघर भी ऑनलाइन सेवाओं को संचालित कर रहा है । इससे केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मिल रहे सब्सिडी, सहायता राशि, दिव्यांग, वृद्धावस्था पेंशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि आदि शहरी ग्रामीण डाकघरों के बचत खाता ग्राहकों को घर बैठे लाभ मिलेगा । इसके साथ ही अभी तक विभिन्न बैंकों के खातों से डाकघर बचत खाते में आरटीजीएस की सुविधा उपलब्ध नहीं थी परंतु अब नेफ्ट सेवा के सक्रिय होने तथा डाकघर बचत बैंक खाते में आईएफएससी कोड आवंटित हो जाने के उपरांत डीबीटी सेवा शुरू हो गई है अब डाकघर के ग्राहक न केवल विभिन्न बैंक खातों से डाकघर बचत खातों में आरटीजीएस की सुविधा का लाभ उठा सकेंगे बल्कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याण कारी योजनाओं दिव्यांग, वृद्धावस्था पेंशन छात्रवृत्ति गैस सब्सिडी, किसान सम्मान निधि आदि से प्राप्त होने वाली सहायता राशि या सब्सिडी का लाभ भी डीबीटी सेवा के माध्यम से उठा सकेंगे । इस दौरान सीनियर पोस्टमास्टर एस आर गुप्ता, सत्येन्द्र प्रताप सिंह, अतुल उपाध्याय, दीपक तिवारी, सुजान वीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# गोद लिए गए क्षय रोगियों को नहीं मिल रहा पौष्टिक आहार : कैसे होगा 2025 तक टीबी मुक्त भारत

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) निःक्षय मित्र अभियान के जरिए 2025 तक टीबी को खत्म करने का लक्ष्य मोदी सरकार ने रखा है ।इस अभियान के अंतर्गत सरकार ने टीबी मरीजों को गोद लेने को बढ़ावा दिया है। इसके तहत ब्लाक जिला या एक व्यक्तिगत मरीज को गोद लेकर उसका संरक्षण किया जा रहा है। इस अभियान के तहत टीबी मरीजों को पोषण और उपचार में सहायता करना ही मुख्य लक्ष्य है। प्रधानमंत्री के टीबी मुक्त भारत अभियान को लेकर शुरू हुई निः क्षय मित्र योजना के तहत क्षय रोगियों को गोद लेने वालों की तलाश है योजना के तहत मिल्कीपुर विकासखंड में अभी तक सिर्फ 16 क्षय रोगियों को ही गोद नसीब हो सकी है, जबकि 177 क्षय रोगियों को अभी तक सहारा नहीं मिला है। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज की डॉ ममता जोशी ने पुष्पा देवी, छोटेलाल, रामकुमार, शिवम समेत आधा दर्जन क्षय रोगियों को गोद लिया है और उनको समय–समय पर पोस्टिक आहार भी उपलब्ध करा रही है। वही सीएचसी मिल्कीपुर के अधीक्षक डॉ हसन किदवई ने क्षय रोगी संगीता, कृष्णा देवी, अजय कुमार,प्रीति व अवतारी को गोद लिया है वहीं सीएचसी के डॉ पंकज श्रीवास्तव ने भी क्षय रोगी पुष्पा ,रोहित लाल, राम उजागीर, चंद्रावती संतराम को गोद जरूर लिया है। इन रोगियों को 3 से 4 माह के बीच में मात्र एक बार ही पौष्टिक आहार दिया गया है इसके बाद से किसी प्रकार का पौष्टिक आहार नहीं उपलब्ध कराया गया है। इस संबंध में जब डॉक्टर पंकज श्रीवास्तव से जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया कि पौष्टिक आहार नहीं दिया। फिलहाल जल्द ही रोगियों को बुलाकर पौष्टिक आहार दिया जाएगा।

# उर्मिलेश प्रो. याकूब यावर व नेहा सिंह राठौर को मिलेगा माटी रतन सम्मान

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) अशफाक उल्ला खां मेमोरियल शहीद शोध संस्थान ने वर्ष 2022 में माटी रतन सम्मान पाने वाले लोगों के नामों की घोषणा कर दिया है। संस्थान के प्रबंध निदेशक सूर्य कांत पाण्डेय ने एक होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि हिंदी में माटी रतन सम्मान उर्मिलेश उर्दू में प्रो याकूब यावर तथाप्रदान किया जाएगा। उन्होंने ने दावा किया कि देश भर में शहीदों की स्मृति में कोई सम्मान नहीं दिया जाता है। उन्होंने कहा कि माटी रतन सम्मान लोक सम्मान है जो किसी भी सरकारी सम्मान से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण है ।यह पूर्वांचल में नोबेल पुरस्कार की तरह प्रख्यात है ।यह सम्मान पाने वाले अनेक लोगों को देश के सर्वोच्च सम्मान मिल चुका है। सम्मान में प्रस्सतिपत्र के अलावा छ अन्य चीजें भी प्रदान की जाएगी। इसमें सम्मान राशि भी शामिल हैं। श्री पाण्डेय ने बताया कि सम्मान समारोह काकोरी एक्शन के शहीदों के शहादत दिवस 19 दिसंबर को मंडल कारागार अयोध्या के शहीद कक्ष में प्रदान किया जाएगा ।इसी दिन शांति सिंह स्मृति छात्रवृत्ति भी दी जाएगी घ्घ्घ्इसके लिए गुरुकुल, यतीमखाना तथा मूकबधिर विद्यालय के छात्रों का नाम क्रमशः सौरभ कुमार, आसिफ रजा,अमन वर्मा का चयन किया गया है। संस्थान के प्रबंध निदेशक ने बताया कि शहीद दिवस पर डा शैलेश पाण्डेय स्मृति सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता तथा गीता पाण्डेय स्मृति निबंध प्रतियोगिता का आयोजन मनोहर लाल इंटर कालेज में 16दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। इसमें प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले छात्रों को क्रमशः तीन हजार दो हजार तथा एक हजार नकद पुरस्कार तथा प्रसस्ति पत्र दिया जाएगा।

# मनचले युवक ने किशोरी के साथ की छेड़खानी व अश्लील हरकत : चार के खिलाफ केस दर्ज

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) इनायत नगर थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी के साथ मनचले युवक द्वारा छेड़खानी व अश्लील हरकत किए जाने के मामले में आखिरकार पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर चार लोगों के खिलाफ छेड़खानी व मारपीट सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। हालांकि पुलिस अभी किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं की है। इनायत नगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने सिविल जज सीनियर डिवीजन द्वितीय के समक्ष वाद प्रस्तुत करते हुए कहा कि स्कूल आते जाते समय रास्ते में उसकी बेटी के साथ विवेक मौर्य द्वारा छेड़खानी व अश्लील हरकते करके परेशान किया जाता लेकिन लोक लज्जा वश कहीं शिकायत नहीं किया जिससे उसका मनोबल और भी बढ़ता गया। बीते 11 जनवरी को उसकी बेटी शौच के लिए घर के करीब एक झाड़ी में गई तभी विवेक मौर्य निवासी इनायत नगर बेटी को अकेला देख पीछे से पकड़ लिया। बेटी की हल्ला गुहार सुनकर जब वह बेटी के पास दौड़ी तो मनचले युवक ने गाली व धमकी देते हुए बेटी को छोड़कर भागा। घटना की सूचना पुलिस को देने जब पीड़िता अपने पुत्री के साथ थाने पर जाने लगी तो विवेक मौर्य, विनय कुमार, छेद्दन व गुड्डू मौर्या लाठी–डंडों से लैस एक राय होकर आए और गाली व धमकी देने लगे। जिसका विरोध करने पर उक्त लोग मुझे वह मेरी बेटी को मारने के लिए दौड़े तो हम अपनी बेटी को लेकर घर में भागे। उक्त लोगों ने मेरे घर में घुसकर मेरी बेटी को मारने लगे तब मैं शोर मचाती हुई घर के पीछे से बाहर निकली। जिसमें मेरी पुत्री को गंभीर चोटें आई हैं। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया की घटना के दिन ही उसने पुलिस को तहरीर दी थी लेकिन पुलिस द्वारा न तो उसकी रिपोर्ट दर्ज की और न ही बेटी के चोटों का मेडिकल परीक्षण भी कराया गया। न्यायालय ने पीड़िता के प्रार्थना पत्र को संज्ञान लेते हुए इनायत नगर पुलिस को आरोपियों के विरुद्ध तत्काल मुकदमा दर्ज करने तथा कार्यवाही किए जाने का निर्देश दिया। प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह ने बताया कि विवेक मौर्य, विनय कुमार मौर्य, गुड्डू मौर्य व छेददन निवासी इनायतनगर के खिलाफ छेड़खानी व मारपीट का मुकदमा दर्ज करके कार्यवाही की जा रही है।

## वेतन न मिलने पर जल निगम कर्मियों ने दिया एक दिवसीय सांकेतिक धरना

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) उत्तर प्रदेश जल निगम जल संस्थान मजदूर यूनियन के पदाधिकारियों ने चार माह से वेतन न मिलने पर एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन उत्तर प्रदेश जल निगम कार्यालय के सामने दिया ।इस मौके पर संगठन के अध्यक्ष श्याम नारायण शुक्ला ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि आज चार माह होने के बावजूद विभाग द्वारा कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला ।यही हाल इस विभाग से सेवानिवृत पेंशन भोगियों का भी है ।जिनका पेंशन चार महीने से नहीं मिला ।जिसके चलते आज इस विभाग में कार्यरत कर्मचारी व पेंशन भोगी का जीवन यापन दूभर हो गया है ।धरने को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा अगर सरकार हमारी बात को नहीं सुनती है तो आज का यह धरना सांकेतिक धरना ना होकर आगे विचार–विमर्श कर अनिश्चितकालीन धरना चलेगा ।धरने को संबोधित करते हुये हसन अली क्षेत्रीय सचिव उत्तर प्रदेश जल निगम जल संस्थान मजदूर यूनियन ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम सभी लोग सड़क पर आ गए हैं जिसका मुख्य कारण हम सभी कर्मचारियों व पेंशन भोगियों को चार माह से वेतन व पेंशन नहीं मिल रहा है ।जिसके चलते कर्मचारियों व पेंशन धारकों को



चार माह से वेतन न मिलने के चलते आर्थिक स्थिति खराब हो गई है ।इस मौके पर धरने को संबोधित करते हुए कहा कि अगर शासन हमारी मांग नहीं मानती है तो हम सभी अनिश्चित धरने पर बैठने को मजबूर होंगे। इस मौके पर श्री श्याम नारायण शुक्ला जनपद अध्यक्ष मजदूर मजदूर यूनियन रमाशंकर सिंह मंडल अध्यक्ष,हरि शंकर सिंह मंडल सचिव,मुकेश तिवारी जिला सचिव,कोषाध्यक्ष अध्यक्ष सुरेंद्र बहादुर सिंह संगठन सचिव अमर नाथ पांडे द्वारका प्रसाद तिवारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष डीके पांडे पांडे संरक्षक आदि लोग मौजूद रहे।

## पुलिस झंडा दिवस पर डीजीपी डीएस चौहान ने सीएम योगी को लगाया फ्लैग पिन

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश में बुधवार को थानों, पुलिस चौकियों व सभी पुलिस कार्यालयों में पुलिस झंडा दिवस मनाया गया। पुलिस झंडा दिवस पर डीजीपी डीएस चौहान ने मुख्यमंत्री योगी को फ्लैग पिन लगाया और सीएम योगी को प्रतीक चिह्न सौंपा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ट्वीट कर पुलिस को 'पुलिस झंडा दिवस' की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस के समस्त अनुशासित एवं कर्तव्यनिष्ठ कार्मिकों को 'पुलिस झंडा दिवस' की हार्दिक बधाई! समर्पण, संवेदनशीलता और सेवा की प्रतीक यूपी पुलिस पर हमें गर्व है। जय हिंद। गौरतलब है कि प्रतिवर्ष 23 नवंबर को यूपी में पुलिस झंडा दिवस मनाया जाता है। यूपी पुलिस प्रथम राज्य पुलिस बल है, जिसे उसके अप्रतिम योगदान के फलस्वरूप 23 नवम्बर, 1952 को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री द्वारा पुलिस ध्वज प्रदान किया गया। आज ही के दिन पीएसी बल को भी ध्वज मिला था। 23 नवंबर 1952 को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल



नेहरू ने उत्तर प्रदेश पुलिस को पुलिस कलर व ध्वज प्रदान किया था। ध्वज का आकार चार फीट लंबा व तीन फीट चौड़ा, ध्वज में दो रंग है। इसमें ऊपर लाल रंग व नीचे नीला रंग है। इसी दिन पीएसी बल को भी ध्वज प्रदान किया गया था। उत्तर प्रदेश पुलिस के इतिहास में 23 नवंबर का दिन विशेष महत्व रखता है।

# बाहुबली माफिया अतीक को आज सबसे बड़ी चोट देने की तैयारी : 117 करोड़ की संपत्ति कुर्क करेगी पुलिस

प्रयागराज ब्यूरो : बाहुबली माफिया अतीक अहमद के आर्थिक साम्राज्य पर सबसे बड़ी चोट देने की तैयारी है। उसकी 117 करोड़ रुपये कुल मूल्य वाली संपत्ति गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क की जाएंगी। इसकी अनुमति जिला प्रशासन ने दे दी है। बुधवार को यह कार्रवाई हो सकती है। यह संपत्तियां बेशकीमती जमीनों के रूप में हैं, जो झूंसी के हवेलिया व कसारी मसारी में स्थित है। झूंसी में अतीक की 36 हजार वर्ग गज जमीन चिह्नित की गई है। यह संपत्ति उसके पिता हाजी फिरोज अहमद के नाम पर है। इसे 2006–07 में खरीदा गया। पुलिस का दावा है कि यह संपत्ति अतीक अहमद ने अपराध से कमाए गए धन से अपने पिता के नाम पर खरीदी थी, जिसका मौजूदा कीमत लगभग 113 करोड़ रुपये है। इसी तरह कसारी मसारी में भी एक संपत्ति चिह्नित की गई है। यह भी बेशकीमती भूमि है, जो अतीक अहमद के नाम पर है। पुलिस ने जिला प्रशासन को रिपोर्ट भेजकर बताया है कि यह अपराध के जरिये अर्जित की गई। झूंसी में 1.826 और 1.1300 हेक्टेयर की दो जमीनें चिह्नित की गई हैं। जबकि कसारी मसारी में 0.1320 हेक्टेयर जमीन चिह्नित हुई है। पिछले दिनों इन तीनों जमीनों को कुर्क करने के लिए रिपोर्ट जिला प्रशासन को भेजी गई थी। पुख्ता सूत्रों का कहना है कि जिला प्रशासन की ओर से इस संबंध में अनुमति प्रदान कर दी गई है। कार्रवाई के लिए पुलिस की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। पहले झूंसी और फिर कसारी मसारी स्थित संपत्ति को कुर्क किया जाएगा।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।